श्री कृष्ण जन्माष्टमी

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 26 August 2024 ● Year : 02 ● Issue : 218 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,865 |
| चांदी | : | 93.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### बांग्लादेश की पाक पर 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत

**RAWALPINDI :** रावलपिंडी, 25 अगस्त (एपी) बांग्लादेश ने स्वदेश में राजनीतिक अशांति के बीच रविवार को यहां पाकिस्तान को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा। पाकिस्तान की टीम अपनी दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर हो गई और इस तरह से उसने बांग्लादेश के सामने 30 रन का लक्ष्य रखा। बांग्लादेश ने पांचवें दिन चाय के विश्राम से पहले ही केवल 6.3 ओवर में बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल करके पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन 15 और शादमान इस्लाम नौ बनाकर नाबाद रहे।

### नेकां-कांग्रेस के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारे पीडीपी : उमर

**GANDERBAL :** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को दावा किया कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने उनकी पार्टी के घोषणापत्र की नकल की है और जम्मू कश्मीर की बेहतरी के लिए नेकां-कांग्रेस उम्मीदवारों के खिलाफ महबूबा मुफ्ती-नीत पार्टी से प्रत्याशी नहीं उतारने को कहा। अब्दुल्ला की यह टिप्पणी महबूबा द्वारा यह कहे जाने के एक दिन बाद आई है कि कांग्रेस-नेकां गठबंधन को पीडीपी पूर्ण समर्थन देगी और यदि यह गठबंधन उनकी पार्टी (पीडीपी) के एजेंडे को स्वीकार करता है तो वह चुनाव में सभी सीट इसके लिए छोड़ देंगी। पूर्व मुख्यमंत्री मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में नेकां कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

### पाकिस्तान में दो अलग-अलग बस दुर्घटना में 37 की मौत

**ISLAMABAD :** पाकिस्तान में रविवार को हुई दो अलग-अलग बस दुर्घटनाओं में 11 श्रद्धालुओं सहित कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। पाकिस्तान में पहली दुर्घटना उस वक्त हुई जब ईरान से 70 शिया जायरीन को लेकर आ रही बस बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तटीय राजमार्ग से रास्ता भटक गई थी। इस हादसे में भी 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 श्रद्धालु घायल हो गए हैं। दूसरी दुर्घटना उस दौरान हुई जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 35 लोगों को ले जा रही एक बस खाई में गिर गई थी। इस हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई।

### तमिलनाडु : पटाखा फैक्टरी में विस्फोट दो लोगों की मौत

**DINDIGUL :** तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में रविवार को एक पटाखा बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना नाथम के पास हुई। उसने बताया कि घटना के बाद से फैक्ट्री का मालिक फरार है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल राहत व बचाव कार्य जारी है। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## महिलाओं और युवाओं को लेकर मोदी ने कही 'मन की बात'

# पीएम तक पहुंची देश की आवाज

कोलकाता और महाराष्ट्र में दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर देश उबल रहा है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। जनता मांग कर रही है कि जघन्य अपराध के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। जनता की यह आवाज शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच गई है। रविवार को दो अलग-अलग कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं और युवाओं को लेकर अपने मन की बात कही। महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जहां महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। वहीं अपने नियमित संबोधित 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया। कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप, दोषियों को बख्शा न जाए : मोदी

**JALGAON (BHASHA)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध को 'अक्षम्य पाप' करार दिया और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। मोदी की यह कड़ी टिप्पणी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या तथा मुंबई के पास बदलापुर में दो स्कूली बच्चियों के यौन शोषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शनों के बाद आई है। उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव में 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा देश की प्राथमिकता है। मैंने लाल किले से बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। देश का कोई भी राज्य हो, मैं अपनी बहनों और बेटियों का दर्द और गुस्सा समझता हूं।'



कार्यक्रम में शामिल होने महाराष्ट्र पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● पीटीआई

मोदी ने कहा कि वह हर राजनीतिक दल और राज्य सरकार से कहेंगे कि महिलाओं के खिलाफ अपराध एक अक्षम्य पाप है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी है, उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के मददगारों को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। चाहे अस्पताल हो, स्कूल हो, सरकार हो या पुलिस थाना हो, जिस भी स्तर पर लापरवाही हुई हो, सभी को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'संदेश ऊपर से नीचे तक जाना चाहिए। यह पाप अक्षम्य है। सरकारें आएंगी और जाएंगी, लेकिन समाज और सरकार दोनों के तौर पर महिलाओं के जीवन व सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के लिए जो काम किया है, उतना आजादी के बाद से किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया। मोदी ने उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव में 'लखपति दीदी' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान करने के वास्ते कानूनों को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, 'वर्ष 2014 तक महिला स्वयं सहायता समूहों को 25,000 करोड़ रुपये से कम ऋण दिए गए थे, लेकिन पिछले 10 वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपये (के ऋण) दिए गए हैं।' जलगांव में 'लखपति दीदी' से बातचीत करते हुए मोदी ने 2,500 करोड़ रुपये की निधि जारी की।

## बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं से राजनीति में आने का किया आह्वान

**NEW DELHI (BHASHA) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सामूहिक प्रयासों से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिये स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जिस तरह की भावना लोगों ने दिखाई थी 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसे फिर से दिखाने की जरूरत है। मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में कहा कि उनकी ओर से स्वतंत्रता दिवस पर बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं के राजनीति में शामिल होने के आह्वान पर व्यापक प्रतिक्रिया मिली है और कुछ युवाओं ने कहा है कि वंशवाद की राजनीति नयी प्रतिभा को दबा देती है। उन्होंने कहा, 'इस साल मैंने लाल किले से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था से जोड़ने का आह्वान किया है। मेरी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में हमारे युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि इन युवाओं को बस सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है।

### पीएम ने फिर किया 'सेक्युलर सिविल कोड' का जिक्र

राजस्थान हाईकोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर रविवार को जोधपुर हाईकोर्ट में प्लेटिनम जुबली समारोह आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पीएम मोदी ने राजस्थान हाईकोर्ट म्यूजियम का उद्घाटन भी किया। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता लागू करने, आर्टिकल 370, सीएए को समाप्त करने के लिए सरकार की तरफ से किए गए कामों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों लाल किले से जिस 'सेक्युलर सिविल कोड' का जिक्र किया था, उसे आज इस कार्यक्रम में फिर दोहराया। मोदी बोलेंमैंने 15 अगस्त को लाल किले से 'सेक्युलर सिविल कोड' की बात की। इस मुद्दे पर भले ही कोई सरकार पहली बार इतनी मुखर हुई हो, लेकिन हमारी ज्यूडिशरी दशकों से इसकी वकालत करती आई है।

### आज आ रहे तारणहार...

देशभर में कृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। सनातन धर्म में ऐसी मान्यता है कि जगत के तारणहार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद माह के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था। मथुरा-वृंदावन सहित पूरे देशभर में समारोह की तैयारियां रविवार को अंतिम चरण में पहुंच गईं। बेंगलुरु में बच्चे कृष्ण के वेश में सजे नजर आए। फोटो-पीटीआई

**कोलकाता बलात्कार-हत्या मामला**

## जेल में किया जा रहा मुख्य आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट

घटना के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग ● पीटीआई

**NEW DELHI (BHASHA) :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय का 'पॉलीग्राफ टेस्ट' कोलकाता की प्रेसीडेंसी जेल में किया जा रहा है जहां वह बंद है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि कोलकाता में सीबीआई के कार्यालय में दो ओर लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया जाएगा। शनिवार को मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष समेत चार लोगों का टेस्ट हुआ।

### सीबीआई ने पूर्व प्राचार्य के परिसरों पर मारे छापे

**NEW DELHI :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान संस्थान में हुई कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में कोलकाता स्थित उनके परिसरों पर रविवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी आरोपी और उनके सहयोगियों के ठिकानों सहित कोलकाता में 14 अन्य स्थानों पर भी छापे मार रही है।

## कांग्रेस का केंद्र पर हमला, कहा- यूपीएस में 'यू' का मतलब 'यू-टर्न'

### एकीकृत पेंशन योजना को लेकर किया कटाक्ष

**NEW DELHI (BHASHA) :** कांग्रेस ने रविवार को एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा को लेकर केंद्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में 'यू' का मतलब मोदी सरकार का 'यू-टर्न' है। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि यूपीएस दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों पर हमला प्रतीत होता है। कांग्रेस का यह कटाक्ष ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत एक जनवरी 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वालों के लिए 25 साल की सेवा पर अंतिम



मल्लिकार्जुन खड़गे (फाइल फोटो)

12 महीने के औसत मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन की गारंटी को मंजूरी दी थी। नई पेंशन योजना न्यूनतम 10 साल की सेवा पर कम से कम 10 हजार रुपये पेंशन देने की गारंटी देती है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों से पहले सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दी गई, जो गारंटीकृत पेंशन का आश्वासन देती है। सरकार पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'यूपीएस में 'यू' का मतलब मोदी सरकार का 'यू-टर्न' है। चार जून के बाद जनता की शक्ति प्रधानमंत्री के सत्ता के अहंकार पर हावी हो गई है।' खरगे ने कहा, 'दीर्घ अवधि के पूंजीगत लाभ/सूचकांककरण के बारे में बजट में कदम वापस लिया गया।

### फिल्म 'स्त्री-2' ने दुनिया भर में की 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई

**NEW DELHI :** हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' ने दुनिया भर में 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म के निमार्ताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। फिल्म 'स्त्री 2' में अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने अहम किरदार निभाया है। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के दिनेश विजान द्वारा बनाई गई फिल्म 'स्त्री-2' 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है। प्रोडक्शन बैनर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में फिल्म 'स्त्री 2' की दुनिया भर में कमाई के नए आंकड़ों को साझा किया। पोस्ट में लिखा गया है, " फिल्म 'स्त्री 2' ने इतिहास में अब तक के सबसे शानदार और उच्चतम दूसरे शनिवार के साथ रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आपके निरंतर प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।

## प्रशांत किशोर का एलान, बोले- 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी पार्टी

### आगामी 2 अक्टूबर को नए दल की होगी घोषणा

**PATNA :** जनसुराज पदयात्रा की शुरूआत करने वाली चुनावी रणनीति कर प्रशांत किशोर ने बड़ा एलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि दो अक्टूबर को पार्टी बन रही जनसुराज 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पीके के कहा कि 2025 में जनसुराज 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा और कम से कम 40 महिला उम्मीदवारों को नामांकित किया जाएगा। हमने यह भी कहा है कि 2030 में जन सुराज 70-80 महिलाओं को नेता बनाया जाएगा। यह बातें प्रशांत किशोर ने रविवार दोपहर पत्रकारों से से बातचीत के दौरान कही।

कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे प्रशांत किशोर ● फोटोन न्यूज

**महिलाओं को नेता बनाने का प्रयास :** महिला प्रकोष्ठ की बैठक के सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि यह महिला प्रकोष्ठ की बैठक नहीं थी। यह सही मायने में महिलाओं को नेता बनाने का प्रयास था। जब तक महिलाओं को आर्थिक आजादी नहीं मिलेगी तब तक उनकी बराबरी की भागीदारी संभव नहीं है।

**आरटीआई** वर्ष 2019 से अब तक 18,179 बच्चे गोद लिए गए, 1,404 विशेष आवश्यकता वाले

# देश में दो साल से कम उम्र के केवल 25 स्वस्थ बच्चे उपलब्ध

**NEW DELHI (BHASHA) :** वर्ष 2019 से अब तक दर्ज किए गए गोद लेने के 18,179 मामलों में से केवल 1,404 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे शामिल थे, जबकि अगले पांच वर्षों में गोद लेने के मामलों की कुल संख्या में वृद्धि देखी गई । यह जानकारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक है।

कार्यकताओं ने बताया कि यद्यपि गोद लेने के लिए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है फिर भी गोद लेने की दर अब भी काफी कम है।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शारीरिक, विकासात्मक, व्यवहारिक या भावनात्मक चुनौतियों के कारण अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होती है। केंद्रीय दत्तक-शास्त्र संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) ने 'पीटीआई भाषा' द्वारा दायर एक आरटीआई प्रश्न के जवाब में कहा कि 2019-20 में भारत में कुल 3,745 गोद लिए गए जिनमें 3,351 देश में और 394 अंतरराष्ट्रीय थे। कुल संख्या में से विशेष जरूरतों वाले केवल 56 लड़कों और 110 लड़कियों को गोद लिया गया।

वर्ष 2020-21 में कुल 3,559 गोद लिए गए जिनमें 3,142 देश के अंदर और 417 अंतरदेशीय शामिल हैं। इस वर्ष केवल विशेष जरूरत वाले 110 लड़कों और 133 लड़कियों को गोद लिया



गया। वर्ष 2021-22 में गोद लिए गए बच्चों की संख्या मामूली रूप से घटकर 3,405 रह गई जिनमें से 2,991 देश में और 414 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थे। गोद लिए गए बच्चों की कुल संख्या में विशेष जरूरत वाले 136 लड़के और 206 लड़कियां शामिल थीं। वर्ष 2022-23 में गोद लिए गए बच्चों की संख्या 3,441 थी जिनमें 3,010 देश के अंदर और 431 अंतरदेशीय थे। इसमें विशेष आवश्यकता वाले 156 लड़कों और 188 लड़कियों को दत्तक परिवार मिले।

वर्ष 2023-24 में गोद लिए गए बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह 4,029 हो गई है जिनमें 3,580 देश में और 449 अंतरराष्ट्रीय हैं। इनमें विशेष आवश्यकता वाले 135 लड़के और 174 लड़कियां शामिल हैं।

पिछले पांच सालों में विशेष जरूरतों वाले बच्चों को गोद लेने की दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। सीएआरए के अनुसार पांच जुलाई 2024 तक भारत भर में बाल देखभाल संस्थानों में विशेष आवश्यकता वाले 420 बच्चे गोद लिए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'फैमिलीज ऑफ जॉय' के संस्थापक अविनाश कुमार ने कहा कि जुलाई 2024 तक गोद लेने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध 1,709 बच्चों में से 76 प्रतिशत विशेष जरूरतों वाले थे।

अविनाश कुमार ने कहा कि देश भर में दो साल से कम उम्र के सिर्फ 25 स्वस्थ बच्चे गोद लेने के लिए उपलब्ध हैं जो कुल संख्या का सिर्फ एक प्रतिशत है। 19 राज्यों में 10 साल से कम उम्र के कोई भी स्वस्थ बच्चे गोद लेने के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का वर्गीकरण विवादास्पद बना हुआ है।

## रूस ने किया होटल पर हमला गोलाबारी में पांच लोगों की मौत

**KYIV :** रूस के सीमावर्ती क्षेत्र बेलगोरोद में यूक्रेन की गोलाबारी में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन में एक होटल को निशाना बनाया जिससे दो लोग घायल हो गए और एक पत्रकार को लापता बताया जा रहा है। रूस के क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेनी सीमा से 38 किलोमीटर दूर रूस के रकीटोन गांव में 12 अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें 16 वर्षीय एक लड़की की हालत गंभीर बताई जाती है। यूक्रेन के क्षेत्रीय गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने कहा कि रूसी सेना ने पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र के क्रामाटोरस्क शहर में रात में एक होटल पर हमला किया, जिसमें दो लोग घायल हो गए और एक व्यक्ति मलबे में फंस गया। बताया जाता है कि ये तीनों लोग यूक्रेन, अमेरिका और ब्रिटेन के पत्रकार हैं। रॉयटर्स समाचार एजेंसी ने रविवार को कहा कि यूक्रेन में युद्ध की कवरेज करने वाला उसका एक पत्रकार लापता है और टीम के दो अन्य सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसने कहा कि यह घटना तब हुई जब होटल 'सफाइर' में ठहरा छह सदस्यीय दल शनिवार को 'एक स्पष्ट मिसाइल हमले' की चपेट में आ गया। फिलाश्किन ने कहा कि होटल के अलावा, पास की एक बहुमंजिला इमारत भी नष्ट हो गई। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर लिखा कि यूक्रेन का पूर्वी खारकीव क्षेत्र भी रूसी गोलीबारी की चपेट में आ गया जिसमें कई लोग घायल हो गए।

BRIEF NEWS

## लोहरदगा में तालाब में डूबकर तीन बच्चों की मौत

**LOHARDAGA :** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत एकागुड़ी गांव के तीन बच्चों की तालाब में डूबने से रविवार को मौत हो गयी। तीनों बच्चे खेलने के दौरान एकागुड़ी गांव के बगीचा बांध तालाब के किनारे चले गए, जहां तीनों तालाब में नहाने लगे। इसी दौरान तीनों बच्चे तालाब के गहरे पानी में समा गए।इसके बाद आसपास के लोगों ने किसी प्रकार से तीनों बच्चों को तालाब से निकाला और लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

## खूंटी के हॉकी खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**KHUTI :** मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम मोराबादी रांची में पिछले दिन आयोजित नेहरू कम हॉकी प्रतियोगिता में खूंटी जिले के खिलाड़ियों ने बेहद उम्दा प्रदर्शन किया। अंडर 17 के बालक वर्ग में खूंटी जिला को विजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ बालिका वर्ग में खूंटी जिला की टीम चौथे स्थान पर रही जबकि अंडर 15 वर्ग में खूंटी जिले को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंडर 15 वर्ग में खूंटी जिले के इमानुएल को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। अंडर 17 बालक वर्ग में सचिन को बेस्ट स्कोरर तथा फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। शिक्षा विभाग द्वारा रविवार कों एक समारोह का आयोजन कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपूर्वा पाल चौधरी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने पूरी टीम को बधाई दी है।

## हंटरगंज में डायरिया से मां-बेटे की गई जान

**CHATRA :** जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के पास डायरिया से मां-बेटे की मौत हो गई। मृतक विमला देवी (32) और बेटा सूरज कुमार (12) हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के रहने वाले थे।बताया जाता है कि जिले में लगातार हो रही मुसलाधार बारिश के कारण मोती साव के घर में पानी जा रहा था। चापाकल से भी गंदा पानी आ रहा था। आशंका है कि चापाकल का गंदा पानी पीने के कारण ही परिवार डायरिया की चपेट में आ गया। गंदा पानी पीने के कारण शनिवार को मां बेटे को डिहाइड्रेशन की शिकायत हुई। रविवार की सुबह 4:00 बजे दोनों की मौत हो गई।

## हजारीबाग में पुलिस ने बरामद की शराब

**HAZARIBAGH :** चौपारण पुलिस ने शनिवार रात एक स्विफ्ट कार संख्या (डीएल 3 सीएडब्ल्यू 8147) से 25 पेटी अवैध शराब बरामद किया। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि चतरा रोड स्थित डोमाडाड़ी के पास बेरिकेडिंग लगाकर बरामदगी की गई। आरोपित अभिषेक कुमार जिला नालंदा बिहार बताया गया है। गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी के अंदर से 5 पेटी अंग्रेजी शराब और 20 पेटी बियर बरामद किया गया।

### 26 व 27 अगस्त को घर-घर जाकर सहिया-सेविका बच्चों को पिलाएंगी दवा की खुराक

# स्वास्थ्य मंत्री ने शुरू किया पल्स पोलियो अभियान

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राज्यस्तरीय पल्स पोलियो अभियान का प्रारंभ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा से की, जहां उन्होंने रामजनमनगर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नन्हीं बच्चियों को दवा पिलाई। अभियान के तहत पूर्वी सिंहभूम के सभी बूथ पर रविवार को 0-5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाई गई। 26 एवं 27 अगस्त को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक सहिया, सेविका एवं गैर सरकारी संस्था द्वारा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने बूथ में जाकर बेटी को पोलियो की खुराक पिलाई तथा सभी अभिभावकों से अपील की कि जिम्मेदार और जागरूक अभिभावक बनें, अपने बच्चे को पोलियो की खुराक जरूर पिलाएं। पूर्वी सिंहभूम जिला में कुल 3,95,368 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए पूरे जिले में कुल 3066 बूथ, 2804 टीम व 187 ट्रांजिट टीम बनाई गई है। इस कार्यक्रम में डॉ. सीपी चौधरी (निदेशक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग), डॉ. साहिर पाल (सिविल सर्जन), डॉ. रंजीत पांडा (जिला आरसीएच पदाधिकारी), डॉ. ओपी केसरी (जिला यक्ष्मा पदाधिकारी) व डॉ. सोमालिया (स्पेशल मेडिकल ऑफिसर, डब्लू एच ओ) भी उपस्थित थीं।

बच्चे को पोलियोरोधी खुराक पिलाते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता। ● फोटोन न्यूज

### स्वास्थ्य केंद्र मुरहू में बच्चों को दी गई दवा

**KHUNTI :** मुरहू प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को पल्स पोलियो टीकाकरण की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, सीएचसी पभारी डॉ आशुोष तितग्गा, प्रखण्ड प्रमुख एलिस ओडेया, उप प्रमुख अरुण कुमार साबू, मुखिया ज्योति डोडराय ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर शून्य से पांच वर्ष के सैकड़ो बच्चों को पोलियो निरोधी खुराक पिलाई गई। उप प्रमुख मुरहु अरुण साबू की पहल पर डॉ तिग्गा ने मुरहू थाना के पास यात्री वाहनों को रोककर पुलिस की सहायता से बसों पर सवार बच्चों को दवा लिाई गई। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रखण्ड के उप प्रमुख काफी सक्रिय रहते हैं। उनके कार्यकाल में कई नये कार्यो का शुभारंभ उनके सुझाव पर हुआ। उप प्रमुख ने मुरहू में फैल रहे डेंगू के लिए भी सिविल सर्जन से दवा का छिड़काव कराने की अपील की।

## रामगढ़ में 1.80 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने रविवार को सदर अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाई। साथ ही जिले वासियों से पांच वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक जरूर पिलाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में लोगों में पोलियो को लेकर कई भ्रांतियां थीं लेकिन धीरे-धीरे लोगों को जागरुक कर हमने पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाया है। उन्होंने जिले में पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन को लेकर सभी अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने 27 अगस्त तक जिले में चलने वाले पल्स पोलियो अभियान एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तैयार किए गए माइक्रो प्लान की जानकारी दी। राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ उमा सिन्हा ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की बात कही। साथ ही हाउस टू हाउस विजिट कर कार्य पूर्ण करने सहित अन्य आवश्यक जानकारियां दी। उपाधीक्षक सदर अस्पताल एवं डीआरसीएचओ ने भी आवश्यक जानकारियां दीं। पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिन यानी 25 अगस्त को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं। 26 एवं 27 अगस्त को सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के लगभग 01 लाख 79 हजार 692 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी है।

दवा पिलाते डीसी चंदन कुमार।

## घटना को अंजाम देने जा रहे बदमाशों को पुलिस ने दबोचा, हथियार बरामद

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** बगोदर पुलिस ने चार देसी कट्टा, 19 जिंदा कारतूस और एक आईफोन के साथ चार अपराधियों को दबोचा है। पकड़े गए सभी अपराधी किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। एसपी दीपक शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चारों अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसपी दीपक शर्मा ने मामले की जानकारी दी है। एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि देवघर के मधुपुर थाना क्षेत्र से दो बाइक पर सवार होकर चार अपराधी अवैध हथियार खरीदारी कर बगोदर की ओर जा रहे हैं। अपराधियों के द्वारा अपराध की बड़ी घटना को अंजाम दिए जाने की योजना है। उन्होंने तत्काल बगोदर- सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों धनंजय कुमार राम को मामले से अवगत कराते हुए अपराधियों की धर - पकड़ का निर्देश दिया। इसके बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में बगोदर के हरिहरधाम के निकट सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी बीच दो बाइक से आ रहे चारों अपराधी पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान को देखकर पुनः बाइक पीछे घूमाकर भागने लगे। इसी बीच एक बाइक के पीछे बैठे रंजीत कुमार साव को पुलिस ने दबोच लिया। उसकी सघन तलाशी लेने पर चार देसी कट्टा, 7। 55 एमएम 11 जिंदा कारतूस, 8 एमएम का 8 जिंदा कारतूस और आईफोन बरामद किया गया। पकड़े गए अपराधी ने पुलिस को बताया कि मधुपुर थाना क्षेत्र से हथियारों को खरीदारी की गई है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने मधुपुर पहुंचकर अन्य तीनों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों को धर दबोचने में एसडीपीओ धनंजय कुमार राम, पुलिस उपाधीक्षक कैलाश महतो, बगोदर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, पुअनि जय प्रकाश एवं बगोदर थाना के सशस्त्र बल के जवानों का योगदान रहा। एसपी ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों में सुधीर कुमार यादव, एंकर दास एवं मो आरिफ का अपराधिक इतिहास रहा है।

गिरफ्तार अपराधियों के बारे में जानकारी देते एसपी दीपक शर्मा। ● फोटोन न्यूज

## पलामू की विधानसभा सीटों पर जयराम महतो की नजर

**PALAMU :** टाइगर जयराम महतो की नजर पलामू की विधानसभा सीटों पर है। जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा (जेएलकेएम) पलामू में विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है। चार विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने के लिए आवेदन दिया है। जिसमें छतरपुर विधानसभा सीट से प्रीति राज, डाल्टनगंज विधानसभा सीट से प्रोफेसर जगन्नाथ प्रसाद सिंह, बिश्रामपुर से नवल पांडे और पांकी विधानसभा क्षेत्र से विकास यादव ने आवेदन दिया है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा पलामू के इलाके के सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। पार्टी नियोजन नीति और अन्य मुद्दों पर चुनावी मैदान में उतरेगी। इसे लेकर पार्टी की ओर से लगातार बैठक की जा रही है। इस संबंध में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा के पलामू जिला प्रभारी विनोद बिहारी महतो ने बताया कि पलामू के इलाके से पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

## एसडीओ ऑफिस के नाजिर ने कर लिया 43 लाख का गबन

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ एसडीओ ऑफिस में पदस्थापित नाजिर रामप्रवेश कुमार ने लगभग 43 लाख रुपए का गबन कर लिया है। उन्होंने उन रुपयों का ना तो कोई हिसाब दिया और ना ही उनसे जुड़े कोई वाउचर कार्यालय कर्मचारी को मिले। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है और नाजिर राम प्रवेश कुमार के खिलाफ प्रपत्र को गठित कर दिया है। रामप्रवेश कुमार वर्तमान समय में अंचल कार्यालय, दुलमी में पदस्थापित हैं। उनके विरूद्ध अनुमण्डल कार्यालय, रामगढ़ के नजारत एवं अन्य प्रभार नहीं सौपने के आलोक में इन्भेन्ट्री के द्वारा कुल 4295916.60/- (बयालीस लाख पनचानवे हजार नौ सौ सोलह रूपया साठ पैसा) का अभिश्रव नहीं पाए जाने का मामला सामने आया। इस संबंध में इडीसी चंदन कुमार ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित रहने के दौरान नाजिर राम प्रवेश कुमार के द्वारा विभिन्न व्यक्तियों से अनुमण्डल कार्यालय में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी किये जाने से संबंधित मामले में सामने आए हैं। उनपर आरोप पत्र गठित कर प्रपत्र 'क' में प्रतिवेदित किया गया है। जिसके उपरांत रामप्रवेश कुमार, तत्कालीन नाजीर, अनुमण्डल कार्यालय, रामगढ़ सम्प्रति अंचल कार्यालय, दुलमी के विरूद्ध गठित प्रपत्र 'क' में आरोपों की जाँच हेतु विभागीय कार्यवाही संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया है।

● नौकरी लगाने के नाम पर कई व्यक्तियों से की थी ठगी

### 15 दिनों के अंदर देना होगा लिखित बयान

रामप्रवेश कुमार को आदेश दिया गया है कि वे पंद्रह दिनों के अन्दर जाँच हेतु नियुक्त संचालन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना दावा/दस्तावेज स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से लिखित बचाव बयान प्रस्तुत करेंगे।

## कोडरमा में दो गिरफ्तार चोरी की पिकअप बरामद

**KODERMA :** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी हुए दो वाहनों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं, घटना में शामिल दो आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है। इस बाबत एसपी अनुदीप सिंह ने रविवार को बताया कि जिले के डोमचांच थाना काण्ड संख्या-65/24 में चोरी किये गये गये पिकअप वाहन संख्या (जेएच 12 ई 2336) एवं डोमचांच थाना काण्ड संख्या 76/24, में चोरी किये गये पिकअप वाहन संख्या (जेएच 12एक 4470) को पुलिस ने बरामद कर लिया गया है। घटना में शामिल आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ढाब थानान्तर्गत ग्राम बरहई के करमीकुण्ड जंगल से अप्राथमिकी अभियुक्त पप्पु कुमार उर्फ पप्पु कुमार मेहता (24) एवं रोहित कुमार उर्फ रोहित कुमार मेहता उर्फ धोनी (24) को गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर चोरी किये गये वाहनों को बरामद किया गया।

### परिजन जबरन करा रहे थे नाबालिग का विवाह

## झारखंड की बहादुर लड़की ने रुकवाई खुद की शादी

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले के तरहसी के इलाके के एक दशवीं की छात्रा की परिवार वाले जबरदस्ती उत्तर प्रदेश के इलाके में शादी करवा रहे थे। नाबालिग गर्भवती है। नाबालिग की जबरदस्ती शादी की सूचना चाइल्डलाइन को टोल फ्री नंबर पर मिली थी, जिसके बाद पलामू जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग का रेस्क्यू किया था। रेस्क्यू के बाद नाबालिग ने प्रशासनिक टीम को बताया है कि वह गर्भवती है और उसका प्रेमी बगल के गांव का है। प्रशासनिक टीम को आशंका है कि नाबालिग की यूपी के इलाके में पैसे के लिए शादी कराई जा रही थी। रेस्क्यू करने के बाद नाबालिग को बालिका गृह में रखा गया है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि नाबालिग की जबरदस्ती शादी की जा रही है। इसी सूचना के आलोक में चाइल्डलाइन और पुलिस के सहयोग से नाबालिग को उसके घर से रेस्क्यू किया गया है।



## गरीबों को धर्मशाला में रहने के लिए मिलेगी विशेष सुविधा : नीलकंठ मुंडा

**PHOTON NEWS KHUNTI :** रविवार को खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि आजादी से पूर्व हमारे पुरखों ने जिस उद्देश्य से खूंटी की हृदयस्थली में महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला का निर्माण कराया था, उसे सार्थक बनाने की आवश्यकता है। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान की अध्यक्षता में गठित नई कमेटी जिस प्रकार से इस धर्मशाला के पुराने स्वरूप को विकसित करने का काम कर रही है, वह सराहनीय है। मुझे पूरा विश्वास है कि धर्मशाला निर्माण का उद्देश्य निश्चित ही पूरा होगा। यह बातें उन्होंने महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला में अपनी विधायक निधि से बनने वाले 10 यूनिट शौचालय निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस धर्मशाला में लोगों को हर तरह की सुविधा मिल सके, इसके लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। अगली बार जब वह विधायक चुने जाएंगे, तो इस धर्मशाला में जो भी कमियां रह गई हैं उन्हे प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर इसे सुविधा संपन्न धर्मशाला के रूप में विकसित किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी सह धर्मशाला प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अनिकेत सचान ने कहा कि यह ऐतिहासिक धर्मशाला शहर की प्रमुख परिसंपत्ति है।

निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा। ● फोटोन न्यूज

## सरना व सनातन दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू : निर्मलानंद

**PHOTON NEWS KHUNTI :** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा मुरहू में कुप्पा घाट भागलपुर के संत स्वामी डॉ निर्मलानंद के सानिध्य में जारी तीन दिवसीय सत्संग का समापन रविवार को हुआ। सत्संग में स्वामी निर्मलानंद ने कहा कि हम सभी एक ही ईश्वर की संतान हैं। सरना और सनातन दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। मंदिर, मस्जिद या गुरुद्वारा सभी जगहों पर मानव जीवन को कल्याणकारी बनाने की बात बताई जाती हैं। निर्मलानंद ने कहा कि सत्संग श्रवण से जीवन के सभी दुःखों-समस्याओं का अंत हो जाता है। मनुष्य की उपादेयता सद्ग्रंथों में वर्णित हैं, जिसे हम सत्संग के माध्यम जान पाते हैं, अपना उद्धार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सूरदास प्रतिदिन भगवान के दर्शन के लिए मंदिर जाते थे। लोगों ने उन्हें टोका कि आप तो देख नहीं सकते, फिर दर्शन कैसें करेंगे। सूरदास ने कहा कि माना मैं अंधा हूं लेकिन परमात्मा तो हमें देख सकते हैं। मेरी हाजिरी लगती है, सत्संग हो जाता है। स्वामी लक्ष्मण ने कहा कि सत्संग से संस्कार जागृत होता है, जिससे हमारा जीवन भक्तिमय और सुखमय बन जाता है। स्वामी अखिलेश बाबा ने कहा कि गुरु मंत्र का जप तथा ध्यान भजन और सत्संग नियमित करना चाहिए।

प्रवचन करते स्वामी निर्मलानंद।

### शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कल्याण विभाग ने जिले में बनाए हैं तीन एकलव्य स्कूल

# लातेहार के आदिवासी बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

**PHOTON NEWS LATEHAR :** जिले के होनहार आदिवासी छात्र-छात्राओं को अब उड़ाने के लिए पंख मिल सकेंगे। टैलेंटेड आदिवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए लातेहार जिले में कल्याण विभाग के द्वारा तीन एकलव्य विद्यालय की स्थापना की गयी है। इन विद्यालयों में जवाहर नवोदय विद्यालय के तर्ज पर बच्चों को मॉडल शिक्षा उपलब्ध करायी जाएगी। दरअसल, लातेहार जिला आदिवासी बहुल जिला है। लेकिन ग्रामीण स्तर पर शिक्षा की स्थिति कुछ खास बेहतर नहीं है। यहां कई ऐसे आदिवासी बच्चे हैं जो काफी टैलेंटेड और होनहार होने के बावजूद बेहतर गाइडेंस नहीं मिलने के कारण आगे नहीं बढ़ पाते हैं। इस समस्या के समाधान और होनहार आदिवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कल्याण विभाग के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के तर्ज पर लातेहार जिले में तीन एकलव्य विद्यालय की स्थापना करायी गई है। इस विद्यालय में टैलेंटेड आदिवासी बच्चों का नामांकन किया जाएगा और उन्हें मॉडल शिक्षा दी जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि सितंबर के पहले सप्ताह से यहां पढ़ाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि इस विद्यालय का लक्ष्य है कि जो बच्चे होनहार हैं, उन्हें बेहतर शिक्षा मिल सके। बच्चों को मॉडल शिक्षा उपलब्ध कराना इस विद्यालय का मुख्य मकसद है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पूरी तरह निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। लातेहार के होनहार आदिवासी बच्चों के सुनहरे भविष्य के निर्माण में एकलव्य विद्यालय मिल का पत्थर साबित होगा।

### छठी व सातवीं क्लास में होगा नामांकन

लातेहार समेकित आदिवासी विकास परिषद के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण कुमार गागराई ने बताया कि स्कूल में जल्द ही पठन-पाठन आरंभ करवाने के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं। उनका कहना है कि लातेहार जिले में लातेहार प्रखंड, बरवाडीह प्रखंड और गारू प्रखंड में एकलव्य विद्यालय की स्थापना की गई है। प्रत्येक विद्यालय में पहले चरण में छठी और सातवीं क्लास में छात्र-छात्राओं का नामांकन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक कक्षा में 30 छात्र और 30 छात्राओं का नामांकन होगा। एंट्रेंस एग्जाम के तहत नामांकन के लिए बच्चों की सूची तैयार की गई है। विद्यालय में पढ़ाने के लिए शिक्षकों का भी चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि यहां जवाहर नवोदय विद्यालय के तर्ज पर आवासीय व्यवस्था की गई है। छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास बनाए गए हैं।

## बिहार-झारखंड की सीमा पर स्थित मेघातरी में बाढ़ ने मचाई भारी तबाही

**PHOTON NEWS KODERMA :** बिहार-झारखंड सीमा से सटे मेघातरी के कुसहना गांव में बारिश ने तबाही मचा रखी है। स्थिति ऐसी है कि हल्की बारिश होने पर भी गांव में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। दरअसल, पिछले रविवार को तेज बारिश में कुसहना गांव से सटे वन विभाग का चेक डैम टूट गया और पूरे कुसहना गांव में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि ग्रामीणों ने तो किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रही लेकिन उनके घर का सारा सामान और जानवर पानी की तेज धारा में बह गया। कई घरों को जमीदोंज कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर रात होती तो कई ग्रामीणों की जान भी जा सकती थी। लोगों का कहना है कि बाढ़ ने उनका सब कुछ बर्बाद कर दिया। फिलहाल गांव के लोगों ने पंचायत भवन में शरण ले रखा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद जो प्रशासन की ओर से जो राहत और बचाव कार्य किया जाना चाहिए था वह अब तक नहीं किया गया। हालांकि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की ओर से उन्हें आश्वासन जरूर मिल रहा हैं। गांव के कई लोगों ने अपनी बेटी के विवाह के लिए समान खरीद रखा था जो बाढ़ में बह गया। वहीं, गांव के बच्चों ने बताया कि स्कूल में पानी भर गया है और उनकी किताब-कॉपियां बाढ़ में बह गई हैं, जिसके कारण पिछले एक सप्ताह से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो गई है। दरअसल, बिहार-झारखंड की सीमा से सटे मेघातरी के कुसहना गांव में करीब 50 साल पहले वन विभाग की ओर से चेक डैम का निर्माण कराया गया था ताकि पहाड़ों से गिरने वाला पानी को सर्रक्षित किया जा सके। वन विभाग के द्वारा समय-समय पर डैम का निरीक्षण भी किया जाता है और डैम टूटने से ठीक 10 दिन पहले भी कोडरमा वन विभाग के रेंजर और वन कर्मियों ने डैम का निरीक्षण किया था।

BRIEF NEWS

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 को होंगे कई आयोजन

**RANCHI :** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को रांची में खेलों का आयोजन किया जाएगा। रांची जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर देसी और पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जायेगा। दिन की शुरूआत पांच किमी के मैराथन से होगी, जो पुरूष और महिला दोनों वर्गों के लिए आयोजित होगी। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम में योग, मलखंब, कबड्डी, खोखो, रस्साकसी, गेड़ी दौड़, गुलेल से निशाना, पारंपरिक धनुष से तीरंदाजी का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में रांची, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा के खिलाड़ी भाग लेंगे।

## राज्यकर्मी पांच तक जमा कर सकेंगे संपत्ति विवरण

**RANCHI :** राज्य कर्मियों को अपना संपत्ति विवरण जमा करने के लिए अंतिम अवसर दिया है। सभी सरकारी सेवकों समूह घ को छोड़कर वर्ष 2023 का संपत्ति विवरणी एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड करने के लिए के लिए समयावधि बढ़ा दी है। इस संबंध में रविवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है। कार्मिक विभाग ने बताया क पूर्व में 1 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक समय दिया गया था। आवेदनों की समीक्षा में यह पाया गया कि अभी भी बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मियों ने अपनी संपत्ति का विवरण नहीं भरा है। सरकार ने पूरे मामले पर विचार करने के बाद राज्य कर्मियों को एक बार अवधि विस्तार देते हुए 5 सितंबर 2024 तक अंतिम मौका दिया है।

## आरपीएफ हटिया ने एक यात्री की बचाई जान

**RANCHI :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन पर एक यात्री की जान बचाई। आरपीएफ हटिया के उपनिरीक्षक सूरज राजबंशी और स्टाफ अमित सिन्हा ने ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत एक व्यक्ती की जान बचाई। रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार ने रविवार को बताया कि गाड़ी संख्या 18637 हटिया बंगलुरु के हटिया स्टेशन से रवाना होते ही एक यात्री चढ़ने की कोशिश में फिसलकर गिर पड़ा। ड्यूटी पर उपस्थित दोनों जवानों ने उस यात्री को अपनी तरफ खींचकर उसकी जान बचाई' यात्री ने अपना नाम फूलचंद कलाडिं बताया। वह बंगाल के पुरुलिया स्थित जयपुर का रहने वाला है।

## देवांश ने जीता ऑल इंडिया स्क्वैश चैंपियनशिप खिताब

**RANCHI :** द महाराष्ट्र स्क्वैश रैकेट स्टेशन के तत्वावधान में दूसरा गारवेया क्लब हाउस ऑल इंडिया स्क्वैश चैंपियनशिप का आयोजन मुंबई में किया गया। 19 से 24 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में रांची के देवांश अग्रवाल ने अंडर13 प्रतियोगिता का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में 19 राज्यों के कुल 460 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने हेमंत पर साधा निशाना

# झारखंड में चल रही डिक्टेटरशिप सवाल पूछना भी हो गया गुनाह

**PHOTON NEWS RANCHI :** रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में असम के मुख्यमंत्री और झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में डिक्टेटरशिप चल रही है। सरकार से सवाल करना गुनाह हो गया है। सरकार खुद को भगवान समझ बैठी है।

वर्तमान डीजीपी को विधि की जानकारी नहीं है। उनके भरोसे राज्य में विधानसभा चुनाव संभव नहीं। हिमंता बिस्वा सरमा ने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर इस हेमंत सरकार के अबतक के कार्यकाल में लोगों को मिला क्या? पूरा राज्य इस सरकार से पूछ रहा कि युवाओं को मिला क्या, महिलाओं को, किसानों को, सरकारी कर्मचारियों को मिला क्या? इस सरकार ने 2019 के चुनाव से पूर्व शहीद निर्मल महतो के शहादत स्थल पर जाकर कहा था कि 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे, नहीं तो संन्यास ले लेंगे। अब इस सरकार के पास मात्र एक महीना बचा है। एक महीना में जो करना है, कर लें। सरमा ने कहा कि शिबू सोरेन राज्य और देश की जनता के लिए सम्माननीय हैं। ऐसे में यदि उनका बेटा अपना वादा न पूरा करे तो दिशोम गुरु का नाम धूमिल होगा। सरकार या तो सितंबर तक पांच लाख युवाओं को नौकरी दे या फिर सितंबर के आखिर या दो अक्टूबर को राजनीति से संन्यास की घोषणा पर अमल करे। हिमंता ने आरोप लगाया कि सरकार की मंईयां योजना में जितना पैसा महिलाओं को दिया जा रहा, उससे अधिक पैसा प्रचार-प्रसार में जा रहा है। खिजरी की महिलाओं ने बताया कि उन्हें बालू नहीं मिल रहा। उल्टा बालू 5,500 से 6,000 रुपये सीएफटी हो गया है। सरकार जनता को पैसा नहीं दे रही, बल्कि उनसे पैसे वसूल रही है। सरकार जनता के पैसे की डकैती कर रही है। क्या हेमन्त सोरेन जनता के बीच जा कर पूछ सकते हैं कि उन्हें फ्री बालू मिल रहा है क्या? एक तरफ मुख्यमंत्री बालू फ्री देने की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ बालू माफिया बालू फ्री होने नहीं दे रहे। सरकार चुप है। सरमा ने कहा कि राज्य की हालत ऐसी है कि यहां कोई सरकार से सवाल तक नहीं पूछ सकता। झारखंड में बांग्लादेश घुसपैठ की बात उन्होंने उठायी लेकिन सरकार नहीं मान रही। दो दिन पहले ही रांची से एक डॉक्टर अलकायदा का काम करते हुए गिरफ्तार हुआ है। उच्च न्यायालय भी घुसपैठ पर कह रहा है लेकिन सरकार मनाने को तैयार नहीं। राज्य के युवाओं ने अपने अधिकार के लिए जन आक्रोश रैली निकाला। बदले में सरकार युवाओं पर लाठियां, आंसू गैस फेंक रही है। सरमा ने कहा कि भाजपा के आक्रोश रैली के बाद सरकार ने भाजपा के 55 नेताओं पर एफआईआर दर्ज किया है। इससे भाजपा को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन 12,000 अज्ञात लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मीडिया से रूबरू होते हिमंता व अन्य भाजपा नेता। ● फोटोन न्यूज

### हर वर्ग के साथ हुआ धोखा : अमर कुमार बाउरी

नेता प्रतिपक्षा अमर कुमार बाउरी ने हेमंत सोरेन सरकार के पांच साल और उनके वादे, हकीकत को लेकर एक वीडियो जारी किया। साथ ही कहा कि महिला, किसान, युवा और दूसरे सभी वर्ग के लोगों के साथ इस सरकार ने वादाखिलाफी किया है। झामुमो के घोषणापत्र में हर साल एक लाख नौकरी, बिना गारंटर 50 हजार का लोन, 5000-7000 बेरोजगारी भत्ता सहित अन्य वादे थे। एक भी पूरा नहीं हुआ। विधानसभा में जब सरकार को भाजपा ने घेरा तो 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया। 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली रांची में आयोजित हुआ। इसमें आने से युवाओं को कंटीले तार लगाकर रोकने का प्रयास हुआ और 12,000 पर एफआईआर हुई।

### कैलाश पति की प्रतिमा हटाने का मामला

# आदिवासी संगठनों ने किया विरोध-प्रदर्शन

प्रदर्शन करते आदिवासी संगठनों के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** रविवार को रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित गोल चक्कर (पुराना विधानसभा मैदान) के पास कैलाश पति नाथ मिश्रा की स्थापित प्रतिमा को हटाने की मांग को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए सिटी एसपी राज कुमार मेहता, हटिया डीएसपी, कोतवाली डीएसपी सहित कई पुलिस और अधिकारी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात है। इससे पहले हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग पहाड़ी मंदिर के सामने जुटे। फिर वहां से बाइक से जुलूस के शक्ल में पुरानी विधानसभा मैदान के लिए निकले लेकिन उनको बिरसा चौक के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास ही बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया। आदिवासी संगठनों का कहना है कि कैलाश पति नाथ मिश्रा का झारखंड में कोई योगदान नहीं है। इसलिए इस प्रतिमा को यहां से हटाना होगा। दूसरी ओर, प्रतिमा स्थापित करने वाले लोगों का कहना है कि संवैधानिक तरीके से 15 अगस्त को कैलाश पति नाथ मिश्रा की प्रतिमा स्थापित की गयी है।

# पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की : गुलाम अहमद मीर

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के सर्किट हाउस में रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव पर मंथन किया गया। विधायकों से चुनाव की तैयारियों पर फीडबैक भी लिये गये। साथ ही संयुक्त घोषणा पत्र के लिए विधायकों से सुझाव मांगे गये। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की होनी चाहिए। इसके अलावा बैठक में राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर भी चर्चा की गयी। इसके लिए विधायकों को तैयारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निजी कारणों से मंत्री दीपिका पांडे? सिंह, विधायक अंबा प्रसाद और पूर्णिमा नीरज सिंह बैठक में शामिल नहीं हो सकीं। बैठक के बाद विधायक बादल पत्रलेख ने मीडिया से बातचीत में कहा कि विधायकों से संयुक्त घोषणा पत्र के लिए सुझाव मांगे गये हैं। कांग्रेस संयुक्त घोषणा पत्र के साथ चुनावी अखाड़े में जाना चाहती है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अलावा प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी, बादल पत्रलेख, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी, उमाशंकर अकेला व अन्य नेता थे।

बैठक करते गुलाम अहमद मीर व अन्य नेता। ● फोटोन न्यूज

### सीएम से मिले कांग्रेस के नेता

रविवार को सीएम हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव ने औपचारिक मुलाकात की।

# झारखंड की राजनीति में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी लोजपा (आर) : चिराग पासवान

**PHOTON NEWS RANCHI :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की रविवार को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान सेवा विमान से रांची पहुंचे थे। रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिशन ब्लू तक पार्टी कार्यकताओं ने चिराग पासवान का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक हिस्सा लिया, जहां सर्वसम्मति से उन्हें लोजपा का फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने का बाद उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इसके पूर्व एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि उनकी इच्छा है कि राज्य में उनकी पार्टी विधानसभा का चुनाव लड़े और अपनी पार्टी की मजबूत उपस्थिति झारखंड में दर्ज कराए। हम इस राज्य के लिए बेहतर सोचते हैं। चिराग पासवान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह बिहारी हैं और जब उन्होंने जन्म लिया था तब बिहार झारखंड एक था। आज वह केंद्र की सरकार में मजबूत विभाग के मंत्री हैं। ऐसे में वह चाहेंगे कि यह राज्य विकास के मामले में मजबूती से आगे बढ़े।

मीडिया से रूबरू होते केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान। ● फोटोन न्यूज

## मोरहाबादी के एकलव्य हॉकी हॉस्टल व किचेन को नया रंग-रूप देने की तैयारी

**RANCHI :** मोरहाबादी (रांची) स्थित एकलव्य हॉकी हॉस्टल को नया रंग रूप दिया जाना है। इसके लिए साझा (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ झारखंड, खेल विभाग, झारखंड) ने पहल की है। साझा की ओर से इसके लिए टेंडर नोटिस भी जारी किया गया है। इसके मुताबिक एकलव्य हॉकी हॉस्टल (लड़का) तथा किचेन के रिनोवेशन कार्य पर करीब 50 लाख रुपये (49,12,798 रुपये) खर्च किए जाएंगे। इसके लिए इएमडी कॉस्ट 98300 रुपये तय किये गये हैं। इसी तरह एकलव्य हॉकी हॉस्टल (लड़की) तथा इसके किचेन के रिनोवेशन के काम पर 45,63,100 रुपये व्यय किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए इएमडी कॉस्ट के तौर पर 91,300 रुपये व्यय किए जाने का अनुमान है।

# भारत आदिवासी पार्टी मजबूती से लड़ेगी विस चुनाव : प्रेमशाही

कार्यक्रम में उपस्थित प्रेमशाही मुंडा व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारत आदिवासी पार्टी के तत्वावधान में तमाड़ स्थित अमलेसा मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी महासमागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में भगवान बिरसा मुंडा, जयपाल सिंह मुंडा, बाबा भीमराव अंबेडकर और बाबा कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया। इस दौरान झारखंड के विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोगों ने अपने कार्यकताओं के साथ भारत आदिवासी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आदिवासी महासमागम में भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी के उपाध्यक्ष अजय कच्छप, कुंदरसी मुंडा समेत कई लोग मौजूद थे। मौके पर प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि यह आदिवासी महासमागम आदिवासी-मूलवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## ईडी की टीम आज बबलू खान से करेगी पूछताछ

**RANCHI :** अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट के मॉडयूल से जुड़े केस में संदिग्ध डॉ इश्तियाक अहमद के तार जमीन घोटाले के आरोपियों से जुड़े हैं या नहीं इसकी पड़ताल ईडी करेगी। सोमवार को इस मामले को लेकर रांची के बरियातू के रहने वाले बबलू खान से ईडी पूछताछ करेगी। बबलू खान को ईडी ने समन जारी किया था। अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट के मॉडयूल से जुड़े केस में संदिग्ध डॉ इश्तियाक अहमद को जमीन घोटाले के आरोपियों के द्वारा फंडिंग की आशंका है। ईडी ने इस मामले में रांची के कांग्रेस नेता और लेक व्यू अस्पताल के संचालक बबलू खान को समन किया है। ईडी ने 26 अगस्त यानी सोमवार को दिन के 11 बजे बबलू खान को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

# 4,487 करोड़ के सात एनएच प्रोजेक्ट पर जल्द होगा काम

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में 4,487 करोड़ की सात नेशनल हाईवे की परियोजनाएं बिडिंग प्रोसेस में आ गयी है। इनमें, नेशनल हाईवे 99 में बनने वाले चंदवा आरओबी के लिए आठवीं बार निविदा जारी किया गया है। 2020 से ही इसके निर्माण की तैयारी चल रही है, जिसे अब धरातल पर लाने के लिए एनएच डिविज तेजी से काम कर रहा है। इसके अलावा 2023 व 2024 में करीब छह परियोजनाओं की मंजूरी दी गयी है, जिसके लिए भू-अर्जन व वन भूमि क्लीयरेंस पर काम चल रहा है। पथ निर्माण विभाग अंतर्गत नेशनल हाईवे उपभाग के जरिये इनका काम कराया जाना है। सभी सड़कों पर निर्माण कार्य शुरू

हुआ तो राज्य में 191 किमी नया रोड नेटवर्क तैयार होगा। पथ निर्माण विभाग यह प्रयास कर रहा है कि केंद्र सरकार इन रोड परियोजनाओं के निर्माण के लिए आवश्यक राशि का आवंटन करें ताकि काम प्रारंभ कराया जाये। इसमें गिरिडीह, चाइबासा बाइपास भी शामिल है।

## आज श्रीकृष्ण के बाल रूप की झांकी का होगा उद्घाटन

**RANCHI :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति तत्वावधान में अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 26 व 27 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। समिति के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व सांसद अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा ने कहा कि समिति के द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव 2009 में प्रथम बार प्रारम्भ किया गया था। अब 14 वर्ष हो गये। दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन 26 अगस्त को अपराह्न चार बजे श्रीकृष्ण के बाल रूप में भव्य झांकी का उद्घाटन रांची की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं सहित व्यापारिक संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी करेंगे। इस संबंध में रविवार को पत्रकार वार्ता में संजय सेठ ने कहा कि धरित्री कला केंद्र की निर्देशिका गार्गी मलकानी के नेतृत्व में बाल कलाकारों के द्वारा नृत्य प्रस्तुति की जाएगी।

### अगले दो दिनों तक झारखंड में होगी झमाझम बारिश, चार जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

# एक बार फिर मानसून के मिजाज ने लिया टर्न

**PHOTON NEWS RANCHI :** इधर कुछ कुछ दिनों से झारखंड में मानसून के मिजाज ने फिर से टर्म ले लिया है। दिन में धूप रहती है, लेकिन दोपहर समाप्त होते-होते मौसम का मिजाज बदलने लगता है और बारिश की स्थिति बन जाती है। शाम से लेकर रात तक राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य इलाकों में बारिश हो रही है। ऐसा पिछले एक सप्ताह से रोज हो रहा है। सामान्य रूप से देखा जाए तो कुछ जगहों को छोड़ पूरे राज्य में अच्छी बारिश हो रही है। पूवानुर्मान के अनुसार, अगले दो दिनों तक पूरे राज्य में झमाझम बारिश होगी। 5 जिलों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। 4 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिन 5 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, वहां सोमवार को बहुत भारी बारिश होगी। जिन 4 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, वहां भारी बारिश होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने बताया है कि बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा और बाबानगरी देवघर में सोमवार को कुछ जगहों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश होगी, ऐसी मौसम विभाग ने संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड में कहीं-कहीं गरज के साथ वर्षा होगी और कुछ जगहों पर वज्रपात भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। यह भी कहा कि आज दक्षिणी बांग्लादेश और उससे सटे इलाके में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

### औसत से तीन गुना अधिक बरसा पानी

बीते 24 घंटे में पूरे राज्य में औसत से तीन गुना अधिक बारिश हुई। इससे राज्य में सामान्य बारिश जो 13 प्रतिशत कम थी, वह घटकर 11 प्रतिशत हो गई। राज्य में 20.5 मिमी बारिश हुई, जो 24 घंटे की औसत बारिश 6.2 मिमी के तीन गुना से भी अधिक है। एक जून से 24 अगस्त तक 661.7 मिमी बारिश हो चुकी है, जो इस अवधि की सामान्य बारिश 744.5 से 11 फीसदी कम रह गया है।

### चाकुलिया में सबसे ज्यादा 85.6 मिमी वर्षा

मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में लगभग सभी जगहों पर गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया और राजधानी रांची के कांके में भारी बारिश भी हुई। चाकुलिया में सबसे ज्यादा 85.6 मिलीमीटर और कांके के बीएयू में 70.3 मिलीमीटर वर्षा हुई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान सायकेला में रिकॉर्ड किया गया।

## एसीबी में पदस्थापित 16 कर्मियों की पोस्टिंग रद्द

**RANCHI :** एसीबी में पदस्थापित किए गए 16 पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग रद्द कर दी गयी है। डीजीपी के आदेश के बाद इसे लेकर डीआईजी कार्मिक ने पोस्टिंग रद्द करने से संबंधित आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि एसीबी में कंप्यूटर का ज्ञान रखने वाले पुलिसकर्मियों को एसीबी में पदस्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद 22 अगस्त को 16 पुलिसकर्मियों को एसीबी में पदस्थापित किया था। जिन पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग को रद्द किया गया, उसमें झ मनोज कुमार, किरण लकड़ा, ममता कुमारी, महजबीन प्रवीण, ममता तिर्की, दयामनी नाग, दामोदर साधु, नसीम अंसारी, सोनी कुमारी, अर्चना कुमारी, प्रियंका कुमारी, रविकांत कुमार, अनिला होरो, चंद्रशेखर तिवारी, नीरज कुमार सिंह और रोशन लकड़ा शामिल है।

# एफआईआर कराने के लिए हेमंत का आभार : बाबूलाल

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के मोरहाबादी मैदान में 23 अगस्त को आयोजित युवा आक्रोश रैली के बाद भाजपा नेताओं पर हुए एफआईआर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। बाबूलाल ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि सूचना मिली है कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली की सफलता से तिलमिलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझ पर और भाजपा के नेताओं व कार्यकताओं सहित हजारों युवा साथियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। इस एफआईआर के लिये सोरेन राजघराने के एक्सीडेंटल राजकुमार हेमंत सोरेन और उनकी ह्व2020 खतियानधारी दलाल-बिचौलियाह्व मित्र मंडली का आभार। बाबूलाल ने कहा कि

हेमंत सोरेन जी ये केस-मुकदमे हमारे लिए पारितोषिक के समान है, जितना जोर लगाना है, लगा लीजिए, जितने केस मुकदमे दर्ज करने हैं, कर दीजिए। भाजपा युवाओं की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक और आंदोलन की रणभूमि से लेकर कोर्ट कचहरी तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। वैसे राजनैतिक विरोधियों पर मुकदमा दर्ज करने का दुरुपयोग करवाने में आप तो विश्व रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं।

# चांडिल डैम में ही मिला सोनारी से लापता विमान, आज नौसेना निकालेगी मलबा

## बांध से छह किलोमीटर दूर 170 मीटर की गहराई में है विमान, बैलून की मदद से निकाला जाएगा

**PHOTON NEWS JSR:** सोनारी स्थित जमशेदपुर एयरपोर्ट से 20 अगस्त को उड़ान भरने के बाद लापता हुए ट्रेनी विमान की खोज छठे दिन पूरी हो गई। विमान चांडिल डैम में ही डूबा था। नौसेना की टीम ने रविवार को विमान का पता लगा लिया। यही नहीं, जिस स्थान पर विमान के डूबने की संभावना जताई गई थी, उसी जगह विमान मिलने की सबूत मिले हैं। हालांकि, तीखी धूप और पानी की वजह से दिन में उमस ज्यादा होने की वजह से विमान को पानी से बाहर नहीं निकाला जा सका। नौसेना सोमवार सुबह छह बजे से ही विमान को निकालने की प्रक्रिया में जुटेगी। नौसेना के एक अधिकारी ने बताया कि विमान चांडिल डैम से लगभग 6 किमी की दूरी पर मिला है। सोनार यंत्र की मदद से विमान के मलबे को


चांडिल डैम के पास रेस्क्यू अभियान चलाती नौसेना की टीम • फोटोन न्यूज

ढूंढ निकाला गया है। विमान पानी से 170 मीटर गहराई पर है। सोनार से को डाटा मिला है उसके हिसाब से विमान पानी में उल्टा पड़ा है। विमान के टायर ऊपर की ओर है।

**बैलून की मदद से विमान को ऊपर लाने की होगी तैयारी :** सेना के अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह 9 बजे से विमान को निकालने का काम किया जाएगा। विमान में एक बड़ा सा बैलून बांधकर उसमें हवा भरी जाएगी, जिससे विमान पानी की सतह पर आ जाएगा। जानकारी के अनुसार चांडिल डैम पहुंची नौसेना की टीम के पास 300 किलोग्राम भार वाले वस्तु को डैम से बाहर निकालने की क्षमता वाले उपकरण हैं। वहीं पानी के अंदर मिले अल्केमिस्ट एवियशन प्राइवेट लिमिटेड के विमान का वजन 100 किलोग्राम बताया जा रहा है।


नहा रहे शख्स ने डूबते देखा, रेस्क्यू में जुटी पुलिस

चांडिल डैम में डूब गया जमशेदपुर से उड़ा जहाज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : मंगलवार को दिन में करीब 11 बजे सोनारी एयरपोर्ट से उड़े ट्रेनी विमान के चांडिल डैम में डूबने की सूचना मिली है। डैम के पास नहा रहे स्थानीय निवासी रसु माझी ने जहाज को डैम में डूबते हुए देखा। ...

बता दें कि सोनारी स्थित जमशेदपुर एयरपोर्ट से मंगलवार दोपहर अल्केमिस्ट एविएशन का ट्रेनी विमान उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही लापता हो गया था। विमान में कैप्टन जीत और ट्रेनी पायलट शुभ्रदीप दत्ता मौजूद थे। एविएशन कंपनी को पटमदा में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद बोड़ाम थाना क्षेत्र के भुइयांसिनान स्थित बाटुलुका गांव के पास सर्च अभियान भी चलाया गया था। हालांकि, देर शाम चांडिल के पियालडीह गांव के एक ग्रामीण ने विमान के चांडिल डैम में डूबने की सूचना दी थी, जिसके बाद चांडिल डैम में विमान की तलाश शुरू की गई। यहां बता दें कि विमान के चांडिल डैम में डूबने की खबर 'द फोटोन न्यूज' ने 21 अगस्त को प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

**असफल होकर लौट गई थी एनडीआरएफ की टीम :** विमान के लापता होने और चांडिल डैम में डूबने की आशंका पर सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन ने रांची से एनडीआरएफ की टीम को बुलाया था। टीम के 11 सदस्यों ने 21 अगस्त को सुबह से शाम तक अभियान चलाया, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। हालांकि दूसरे दिन 22 अगस्त को जब नौसेना की टीम आई तो थोड़े-थोड़े अंतराल पर पहले ट्रेनी पायलट शुभ्रजीत, फिर कैप्टन जीत का शव पानी से मिला। इसके बाद नौसेना की टीम डटी रही। इसमें स्थानीय मछुआरों ने भी काफी मदद की।

### सोनार यंत्र से ही विमान के मलबे का पता लगा

चांडिल डैम के बीच में विमान के डूबने और काफी गहराई में होने की वजह से गोताखोरों को भी पता नहीं चल रहा था। ऐसे में नौसेना की टीम ने अपने साथ लाए सोनार (साउंड नेविगेशन एंड रेंजिंग) यंत्र की मदद ली, जिसकी सहायता से विमान को खोज निकाला गया। नौसेना का यह उपकरण समुद्र के अंदर बड़े जलीय जीव के अलावा धातु का पता लगाने में सहायक होता है।

# कोड़ा दंपती ने नोवामुंडी में निकाली पदयात्रा

## कहा- बंद माइंस खोले हेमंत सरकार



नारेबाजी करते पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा व पूर्व सांसद गीता कोड़ा • फोटोन न्यूज

**CHAIBASA :** भाजपा के 'घंटा बजाओ सरकार जगाओ' के तहत पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने रविवार को नोवामुंडी में पदयात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव के पूर्व पूरे राज्य भर में घूम-घूम कर जनता से कई वादे किए थे, चाहे बेरोजगारों को 5 लाख नौकरी का मामला हो या फिर 5 से 7 हजार रुपये भत्ता का, चाहे गरीबों को अबुआ आवास देने का मामला हो, या रोजगार देने का। पलायन रोकने में फिसड्डी हेमंत सरकार अगर क्षेत्र के लोगों की भलाई चाहती है तो बंद पड़े माइंस को शीघ्र खुलवाए और यहां के निजी क्षेत्र में चलने वाले उद्योग धंधे में 75% स्थानियों को रोजगार दिलाए।

इस यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के अलावा शंभू हाजरा, प्रफुल्ल महाकुड़, सुकेश सिंह, नसीब खान, मोनू साव, प्रदीप गोप, बिट्टू सामड मुंडा, कृष्णा दास, आकाश खंडाईत, सचिन बेहरा, टिंकू निषाद, डबलू वर्मा, चुन्नू खंडाईत, लडकु महाराणा, तुरी कुंकल सहित एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# डॉ. विजय सिंह गागराई ने की विस चुनाव लड़ने की घोषणा


चक्रधरपुर में पदयात्रा के दौरान माला से लदे डॉ. विजय गागराई • फोटोन न्यूज

**CHAKRADHARPUR :** लंबे समय से समाजसेवा कर रहे पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ने रविवार को शक्ति प्रदर्शन कर विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा चक्रधरपुर विधानसभा के उत्थान, विकास और नवनिर्माण पर परिचर्चा सह जनसभा में गागराई ने आगामी विधानसभा चुनाव चक्रधरपुर सीट से लड़ने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा आगे भी करता रहूंगा। कुछ ऐसे अधिकार हैं जो समाजसेवा से नहीं हो सकता। इसलिए एक ईमानदार, जुझारू, कर्मठ सुशिक्षित प्रोफेसर के रूप एक बार मौका दें। चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र की दशा और दिशा बदल दूंगा। मैंने मंत्री विधायक से भी ज्यादा सेवा की।

### नक्सलियों ने लगाए थे 4 आईईडी, सुरक्षाबलों ने किया नष्ट



**CHAKRADHARPUR :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों ने 5 किलो के 4 आईईडी लगाए थे, जिसे सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान बरामद किया। उसे जंगल में ही नष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सली संगठनों के खिलाफ सुरक्षाबलों द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रविवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान गोइलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र सीमावर्ती जिमकी, इकिर-मुरुंबुरा, हुसिपी के आसपास नक्सलियों द्वारा पूर्व में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए 5-5 किलो का अलग अलग 4 आईईडी लगाया था।

# बहन से छेड़खानी का बदला लेने के लिए कर दी थी लोकनाथ की हत्या

**PHOTON NEWS JSR:** परसुडीह थाना अंतर्गत गदड़ा विकास भवन के पास 12 अगस्त को लोकनाथ ठाकुर उर्फ पुक्की की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रांची जिला के तमाड़ निवासी मनीष मछुआ और गदड़ा पंचायत भवन के पास रहने वाले राजन मिश्रा उर्फ वेद प्रकाश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक पिस्टल और दो गोली बरामद की है। रविवार को मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी सह सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि 12 अगस्त को बाइक से आए अपराधियों ने लोकनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद लोकनाथ की मां ने राजन मिश्रा, सूरज नाग, कौशल श्रीवास्तव और मनीष के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सिटी एसपी ने बताया कि मृतक लोकनाथ के खिलाफ थानों में सात मामले दर्ज हैं।



हत्याकांड की जानकारी देते एसपी ऋषभ गर्ग • फोटोन न्यूज

### घटना से कुछ देर पूर्व हुआ था विवाद

एसपी ने बताया कि घटना से कुछ देर पूर्व आरोपियों और लोकनाथ के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद आरोपियों ने लोकनाथ का पीछा कर उसकी हत्या कर दी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लोकनाथ ठाकुल और राजन मिश्रा के बीच का विवाद काफी पुराना है। मृतक लोकनाथ राजन मिश्रा की बहन से छेड़खानी करता था। इसकी जानकारी मिलने पर राजन मिश्रा ने लोकनाथ को बुलाया था। बातचीत के बीच दोनों में विवाद बढ़ गया जिसके बाद पीछा कर लोकनाथ की हत्या कर दी गई। इस मामले में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

## समाचार सार

### अंशु को मिला 'आइकोनिक कम्युनिटी इम्पैक्ट' अवार्ड



**JAMSHEDPUR :** शहर के अंतरराष्ट्रीय योगगुरु अंशु सरकार को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 'आइकोनिक कम्युनिटी इम्पैक्ट' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि अंशु सरकार डब्ल्यूएफएफवाईएस के इंडिया अध्यक्ष हैं।

### कदमा में उत्कल दुर्गापूजा कमेटी का भूमिपूजन

**JAMSHEDPUR :** उत्कल दुर्गा पूजा कमेटी, कदमा का भूमिपूजन रविवार को हुआ। आर्ट स्कूल तथा कदमा पोस्टऑफिस के समीप मैदान में बतौर यजमान रंजनचंद्र पांडा, देवी प्रसाद दास, चेयरमैन बिभूति भूषण मोहंती, अध्यक्ष सत्यब्रत महापात्र, देवी प्रसाद दास, सुकांत दास, विजय किशोर मिश्रा, असीम प्रधान, रजनीकांत राउल, प्रदीप दास, बिरेन मोहंती, सूर्यकांत पाणि, सुदर्शन मोहंती, राजीव दास, सिफन मोहंती, श्यामा प्रसाद दास, मिहिर मंगराज, मानस मंगराज, गिरिजा बल्लव महान्ती, सरोज गौड बिभुती मिश्रा, संतोष चौधरी आदि उपस्थित थे।

### नेताजी की आदमकद मूर्ति का हुआ अनावरण



**GHATSILA :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस बर्थ एनिवर्सरी सेलिब्रेशन कमेटी, घाटशिला की ओर से रविवार को दाहीगोड़ा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूल के बच्चे विभिन्न मार्ग से बैंड-बाजे के साथ प्रभातफेरी लेकर नेताजी मूर्ति स्थल पहुंचे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मूर्ति का अनावरण डॉ. शांतनु राय (पूर्व प्रोफेसर आईआईटी, मद्रास), जबकि समारोह का उद्घाटन एचसीएल-आईसीसी के यूनिट हेड एसएस सेट्टी ने किया।

### धालभूमगढ़ में कई ने थामा झामुमो का दामन

**GHATSILA :** धालभूमगढ़ प्रखंड अंतर्गत जोनबुनी पंचायत के हरीनदुकड़ी क्लब भवन में रविवार को ग्राम प्रधान मंगल मानकी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन उपस्थित थे। इस मौके पर ग्राम प्रधान मंगल मानकी के नेतृत्व में मंजू रानी मान्ना, लालमोहन सिंह, मनसा मुंडा, अशोक नामाता, बबलू नामाता, लखीन्द्र मुंडा, दिलीप मान्ना, देवाशीष मान्ना, रबी मान्ना, पवन मान्ना सहित कई महिला-पुरुषों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष कालीपद गोराई, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, धालभूमगढ़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन हांसदा, मुखिया विक्रम मुर्मू, घाटशिला प्रखंड उपाध्यक्ष सुखलाल हांसदा आदि उपस्थित थे।

### छतीसगढ़ी महिलाओं ने की कमरछठ पूजा

**JAMSHEDPUR :** भगवान बलराम की जयंती और भादो मास के कृष्णपक्ष की षष्ठी के अवसर पर छत्तीसगढ़ी समाज की महिलाओं ने कमरछठ हलषष्ठी का व्रत और पूजन किया। टुइलाडुंगरी स्थित श्रीश्री शीतला माता मंदिर में रविवार को महिलाओं ने संतान प्राप्ति, संतान के स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर पूजा अर्चना की। इस पूजा को महिलाएं मंदिर अथवा किसी के घर पर एकत्रित होकर जमीन में गड्ढा खोद कर या अस्थायी सागरी बनाकर ब्राह्मण से कथा सुन गौरी गणेश की पूजा-अर्चना करके आरंभ किया। पूजन सामग्री में भैंस का दूध, दही, घी, लाई, महुआ, कांसी, पसहर का चावल, फूल, दूब, रोली, चंदन, नारियल, सुहाग की सामग्री, बच्चों के खिलौने और छह प्रकार की भाजी से पूजा की गई।

### केंद्र सरकार ने गरीबों को भी नहीं छोड़ा : यादव

**GHATSILA :** ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक), कोल्हान प्रमंडल का चतुर्थ सम्मेलन रविवार को मउभंडार में हुआ। इसे संबोधित करते हुए एटक के राज्य महासचिव अशोक यादव ने कहा कि केंद्र सरकार कभी लोगों को एकाउंट में 15 लाख रुपये देने का झांसा देती है, तो कभी लोगों को विभिन्न प्रलोभन देकर वोट लेती है, लेकिन काम कुछ नही करती। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गरीबों की कितनी चिंता करती है, इस बात का पता इसी से चलता है कि किसानों के खेती उपकरण, खाद्य बीज पर 18 प्रतिशत जीएससी और अमीरों के लग्जरी गाड़ी पर पांच प्रतिशत टैक्स ले रही है, लेकिन जनता सबकुछ समक्ष रही है।

# बिष्टुपुर व साकची की तरह चमकेंगी बस्तियां : सरयू

## विधानसभा चुनाव के लिए डट जाएं कार्यकर्ता, मिलेगी सफलता

**PHOTON NEWS JSR:** भारतीय जनतंत्र मोर्चा, जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में हुआ। इसमें बूथ स्तर एवं भवन स्तर के लगभग 2000 कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरयू ने कहा कि मैंने जमशेदपुर में नाला आधारित विकास योजना बनाने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा है, ताकि इंदौर नगर निगम की तरह जमशेदपुर की गलियां और नालियां साफ रहें। घरों का गंदा पानी बिना बाधा के बड़े नालों तक पहुंचता रहे और बड़े नालों का पानी साफ होकर नदी में जाए। इसके बारे में मैं नगर विकास विभाग और टाटा स्टील को भी विशेष निधि आवंटित करने के लिए कह रहा हूं, ताकि जमशेदपुर को साफ-सफाई के मामले में आदर्श शहर बनाया जा सके। यहां की बस्तियां भी बिष्टुपुर और साकची की तरह साफ रहे। टाटा स्टील ने लीज के बाहर की बस्तियों की सफाई का जिम्मा भी लेने के लिए तैयार हो गया है, परंतु व्यवहारिक रूप में जेएनएसी से साफ-सफाई का जिम्मा लेकर स्वयं इसे करना आरंभ नहीं किया है।



सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में विधायक सरयू राय व अन्य • फोटोन न्यूज

### रथींद्रनाथ दास दूसरी बार बने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**JAMSHEDPUR :** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में रथींद्रनाथ दास दूसरी बार अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मलकीत सिंह सैनी को हराया, उन्हें 567 वोट मिले, जबकि सैनी को 346 मतों से संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता बलाई पंडा उपाध्यक्ष, बिनीता सिंह व संजीव रंजन बरियार संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश भगत, पुष्पा कुमारी सहायक कोषाध्यक्ष, महासचिव के पद पर अधिवक्ता राजेश रंजन व अजय सिंह राठौर के बीच कड़ी टक्कर रही। हालांकि, राजेश रंजन का पलड़ा भारी प्रतीत हो रहा है। 24 अगस्त को एसोसिएशन के द्विवार्षिक (2024-2026) चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कुल 1520 मतदाताओं में से 1322 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# ब्राजील से आए छात्र विटोर को डीबीएमएस में मिला दाखिला


ब्राजील के छात्र का स्वागत करते रोटेरियन • फोटोन न्यूज

**JAMSHEDPUR :** रोटरी यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत ब्राजील के साओ पाउलो से विटोर नामक एक छात्र जमशेदपुर आया है। वे ब्राजील से कोलकाता होते हुए मेजबान भाई भव्य आडेसरा के साथ जमशेदपुर पहुंचे। विटोर का मेजबान आडेसरा परिवार है। विटोर का एडमिशन डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल में 11वीं कक्षा में हुआ है। वे अगली सप्ताह से स्कूल जाएंगे। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन पीडीजी रोनाल्ड डिकोस्टा और सतनाम कपुला द्वारा किया जा रहा है रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर फेमिना की चार्टर अध्यक्ष पसम आडेसरा, मेजबान मां जास्मिन आडेसरा और अन्य रोटरी सदस्य ने पारंपरिक भारतीय तरीके से स्वागत किया। विटोर ब्राजील से जमशेदपुरवासी किआ आडेसरा के बदले आए हैं। किआ आडेसरा भी 11वीं कक्षा की छात्रा हैं और एक वर्ष के लिए साओ पाउलो गईं हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच के आयोजन में 350 से ज्यादा प्रतिभागी हुए शामिल, कान्वेंट स्कूल के सामने हुआ समापन

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर जमशेदपुर में हुआ भव्य साइक्लोथॉन

**PHOTON NEWS JSR :** राष्ट्रीय खेल दिवस पर रविवार को मारवाड़ी युवा मंच की जमशेदपुर शाखा, टाटानगर अचीवर्स शाखा, स्टील सिटी शाखा और अग्रवाल युवा मंच जमशेदपुर द्वारा पहली बार संयुक्त रूप से साइक्लोथॉन का भव्य आयोजन किया गया। इसमें 350 से अधिक लोग शामिल हुए, जिनमें 250 प्रतिभागियों ने निःशुल्क पंजीकरण कराया। 100 को विशिष्ट इवेंट टीशर्ट प्रदान की गईं, जबकि सभी 250 प्रतिभागियों को रिस्टबैंड व पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया। यह आयोजन सर दोराबजी टाटा पार्क (मोदी पार्क) बिष्टुपुर से बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर, रेडक्रॉस सोसाइटी, जुबिली पार्क गेट और डीसी ऑफिस गोलचक्कर से होते हुए कॉन्वेंट स्कूल के सामने समाप्त हुआ। मालूम हो कि इसका आयोजन देश भर में एक साथ मंच की 851 शाखाओं द्वारा किया गया था, जिसमें 1,50,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।


बिष्टुपुर में साइक्लोथॉन में शामिल छात्र व युवा • फोटोन न्यूज

**विजयी प्रतिभागियों को मिला सम्मान :** साइक्लोथॉन को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया था। बच्चे (15 वर्ष से कम), पुरुष और महिलाएं। प्रत्येक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजयी प्रतिभागियों को विधिवत पदक और चांदी का सिक्का और द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजयी प्रतिभागियों को पदक दिया गया। बच्चों की श्रेणी (15 वर्ष और उससे कम) में यश कुमार प्रथम, निखिल सिंह दूसरे और जयप्रकाश तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं में ऋचा केडिया प्रथम, वाटिका शाह द्वितीय और संस्कृति शर्मा तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों में सायन कच्छप प्रथम, राजेश मलिक द्वितीय और निर्माण मंडल तीसरे स्थान पर रहे।

**इनकी रही मौजूदगी :** कार्यक्रम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, महासचिव मानव केडिया, कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सचिव विनोद शर्मा, मारवाड़ी सम्मेलन जुगसलाई शाखा अध्यक्ष सुरेश शर्मा लिप्पू, मंच के प्रदेश महासचिव सार्थक अग्रवाल, संयोजक विष्णु गोयल एवं मोहित मूनका, राजीव अग्रवाल दीपक चेतनी आदि उपस्थित थे।

**इनका रहा योगदान:** आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से मायुमं जमशेदपुर शाखा अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल, टाटानगर अचीवर्स शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया, स्टील सिटी शाखा अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल तथा अग्रवाल युवा मंच जमशेदपुर के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल सहित चारो शाखाओं के सचिव विकास शर्मा, विजय सोनी, आलोक अग्रवाल, महेश भाऊका, कोषाध्यक्ष प्रकाश बजाज, प्रतीक अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल सहित चारो शाखाओं के सभी सम्मानित सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य उत्सव

# जन्माष्टमी

**कृष्ण जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण का जनमोत्सव है। योगेश्वर कृष्ण के भगवद गीता के उपदेश अनादि काल से जनमानस के लिए जीवन दर्शन प्रस्तुत करते रहे हैं। जन्माष्टमी को भारत में हीं नहीं बल्कि विदेशों में बसे भारतीय भी इसे पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं। श्रीकृष्ण ने अपना अवतार भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मध्यरात्रि को अत्याचारी कंस का विनाश करने के लिए मथुरा में लिया। चूंकि भगवान स्वयं इस दिन पृथ्वी पर अवतरित हुए थे अत- इस दिन को कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाते हैं। इसीलिए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मथुरा नगरी भक्ति के रंगों से सराबोर हो उठती है।**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। कृष्ण जन्मभूमि पर देश विदेश से लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती हें और पूरे दिन व्रत रखकर नर-नारी तथा बच्चे रात्रि 12 बजे मन्दिरों में अभिषेक होने पर पंचामृत ग्रहण कर व्रत खोलते हैं। कृष्ण जन्म स्थान के अलावा द्वारकाधीश, बिहारीजी एवं अन्य सभी मन्दिरों में इसका भव्य आयोजन होता हैं, जिनमें भारी भीड़ होती है।

## माखनचोर कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण ही थे, जिन्होंने अर्जुन को कायरता से वीरता, विषाद से प्रसाद की ओर जाने का दिव्य संदेश श्रीमदभगवदगीता के माध्यम से दिया। कालिया नाग के फन पर नृत्य किया, विदुराणी का साग खाया और गोवर्धन पर्वत को उठाकर गिरिधारी कहलाये। समय पड़ने पर उन्होंने दुर्योधन की जंघा पर भीम से प्रहार करवाया, शिशुपाल की गालियाँ सुनी, पर क्रोध आने पर सुदर्शन चक्र भी उठाया।

अर्जुन के सारथी बनकर उन्होंने पाण्डवों को महाभारत के संग्राम में जीत दिलवायी। सोलह कलाओं से पूर्ण वह भगवान श्रीकृष्ण ही थे, जिन्होंने मित्र धर्म के निर्वाह के लिए ग़रीब सुदामा के पोटली के कच्चे चावलों को खाया और बदले में उन्हें राज्य दिया। उन्हीं परमदयालु प्रभु के जन्म उत्सव को जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है।

## विष्णु के आठवें अवतार

भगवान श्रीकृष्ण विष्णुजी के आठवें अवतार माने जाते हैं। यह श्रीविष्णु का सोलह कलाओं से पूर्ण भव्यतम अवतार है। श्रीराम तो राजा दशरथ के यहाँ एक राजकुमार के रूप में अवतरित हुए थे, जबकि श्रीकृष्ण का प्राकट्य आततायी कंस के कारागार में हुआ था। श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि को रोहिणी नक्षत्र में देवकी व श्रीवसुदेव के पुत्ररूप में हुआ था। कंस ने अपनी मृत्यु के भय से बहिन देवकी और वसुदेव को कारागार में क़ैद किया हुआ था।

कृष्ण जन्म के समय घनघोर वर्षा हो रही थी। चारों तरफ़ घना अंधकार छाया हुआ था। श्रीकृष्ण का अवतरण होते ही वसुदेवङ्कदेवकी की बेड़ियाँ खुल गईं, कारागार के द्वार स्वयं ही खुल गए, पहरेदार गहरी निद्रा में सो गए। वसुदेव किसी तरह श्रीकृष्ण को उफनती यमुना के पार गोकुल में अपने मित्र नन्दगोप के घर ले गए। वहाँ पर नन्द की पत्नी यशोदा को भी एक कन्या उत्पन्न हुई थी। वसुदेव श्रीकृष्ण को यशोदा के पास सुलाकर उस कन्या को ले गए। कंस ने उस कन्या को पटककर मार डालना चाहा। किन्तु वह इस कार्य में असफल ही रहा। श्रीकृष्ण का लालनङ्कपालन यशोदा व नन्द ने किया। बाल्यकाल में ही श्रीकृष्ण ने अपने मामा के द्वारा भेजे गए अनेक राक्षसों को मार डाला और उसके सभी कुप्रयासों को विफल कर दिया। अन्त में श्रीकृष्ण ने आतातायी कंस को ही मार दिया। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का नाम ही जन्माष्टमी है। गोकुल में यह त्योहार गोकुलाष्टमी के नाम से मनाया जाता है।

श्रावण (अमान्त) कृष्ण पक्ष की अष्टमी को कृष्ण जन्माष्टमी या जन्माष्टमी व्रत एवं उत्सव प्रचलित है, जो भारत में सर्वत्र मनाया जाता है और सभी व्रतों एवं उत्सवों में श्रेष्ठ माना जाता है। कुछ पुराणों में ऐसा आया है कि यह भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। इसकी व्याख्या इस प्रकार है कि पौराणक वचनों में मास पूर्णिमान्त है तथा इन मासों में कृष्ण पक्ष प्रथम पक्ष है। पद्म पुराण, मत्स्य पुराण, अग्नि पुराण में कृष्ण जन्माष्टमी के माहात्म्य का विशिष्ट उल्लेख है।

संकल्प और प्राणप्रतिष्ठा

व्रती को किसी नदी (या तालाब या कहीं भी) में तिल के साथ दोपहर में स्नान करके यह संकल्प करना चाहिएङ्क मैं कृष्ण की पूजा उनके सहगामियों के साथ करूँगा। उसे सोने या चाँदी आदि की कृष्ण प्रतिमा बनवानी चाहिए, प्रतिमा के गालों का स्पर्श करना चाहिए और मंत्रों के साथ उसकी प्राण प्रतिष्ठा करनी चाहिए। उसे मंत्र के साथ देवकी व उनके शिशु श्री कृष्ण का ध्यान करना चाहिए तथा वसुदेव, देवकी, नन्द, यशोदा, बलदेव एवं चण्डिका की पूजा स्नान, धूप, गंध, नैवेद्य आदि के साथ एवं मंत्रों के साथ करनी चाहिए। तब उसे प्रतीकात्मक ढंक से जातकर्म, नाभि छेदन, षष्ठीपूजा एवं नामकरण संस्कार आदि करने चाहिए। तब चन्द्रोदय (या अर्धरात्रि के थोड़ी देर उपरान्त) के समय किसी वेदिका पर अर्घ्य देना चाहिए, यह अर्घ्य रोहिणी युक्त चन्द्र को भी दिया जा सकता है, अर्घ्य में शंख से जल अर्पण होता है, जिसमें पुष्प, कुश, चन्दन लेप डाले हुए रहते हैं। यह सब एक मंत्र के साथ में होता है। इसके उपरान्त व्रती को चन्द्र का नमन करना चाहिए और दण्डवत झुक जाना चाहिए तथा वासुदेव के विभिन्न नामों वाले श्लोकों का पाठ करना चाहिए और अन्त में प्रार्थनाएँ करनी चाहिए।

रात्रि जागरण और पूजन

व्रती को रात्रि भर कृष्ण की प्रशंसा के स्रोतों, पौराणिक कथाओं, गानों एवं नृत्यों में संलग्न रहना चाहिए। दूसरे दिन प्रात- काल के कृत्यों के सम्पादन के उपरान्त, कृष्ण प्रतिमा का पूजन करना चाहिए, ब्राह्मणों को भोजन देना चाहिए, सोना, गौ, वस्त्रों का दान, मुझ पर कृष्ण प्रसन्न हों शब्दों के साथ करना चाहिए।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

देश भर के श्रद्धालु जन्माष्टमी पर्व को बड़े भव्य तरीक़े से एक महान पर्व के रूप में मनाते हैं।सभी कृष्ण मन्दिरों में अति शोभावान महोत्सव मनाए जाते हैं। विशेष रूप से यह महोत्सव वृन्दावन, मथुरा (उत्तर प्रदेश), द्वारका (गुजरात), गुरुवयूर (केरल), उड्डपी (कर्नाटक) तथा इस्कॉन के मन्दिरों में होते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव सम्पूर्ण ब्रजमण्डल में, घर-घर में, मन्दिर-मन्दिर में मनाया जाता है। अधिकतर लोग व्रत रखते हैं और रात को बारह बजे ही पंचामृत या फलाहार ग्रहण करते हैं। मथुरा के जन्मस्थान में विशेष आयोजन होता है। सवारी निकाली जाती है। दूसरे दिन नन्दोत्सव मन्दिरों में दधिकाँदों होता है। फल, मिष्ठान, वस्त्र, बर्तन, खिलौने और रुपये लुटाए जाते हैं। जिन्हें प्राय: सभी श्रद्धालु लूटकर धन्य होते हैं। गोकुल, नन्दगाँव, वृन्दावन आदि में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बड़ी धूम-धाम होती है।

## छबीले का छप्पन भोग

श्रीकृष्ण आजीवन सुख तथा विलास में रहे, इसलिए जन्माष्टमी को इतने शानदार ढंग से मनाया जाता है। इस दिन अनेक प्रकार के मिष्ठान बनाए जाते हैं। जैसे लड्डू, चकली, पायसम (खीर) इत्यादि। इसके अतिरिक्त दूध से बने पकवान, विशेष रूप से मक्खन (जो श्रीकृष्ण के बाल्यकाल का सबसे प्रिय भोजन था), श्रीकृष्ण को अर्पित किया जाता है। तरह-तरह के फल भी अर्पित किए जाते हैं। परन्तु लगभग सभी लोग लड्डू या खीर बनाना व श्रीकृष्ण को अर्पित करना श्रेष्ठ समझते हैं। विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोजन तैयार किया जाता है तथा उसे श्रीकृष्ण को समर्पित किया जाता है।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर कैसे करें पूजन

सभी दृष्टि से कृष्ण पूर्णावतार हैं। आध्यात्मिक, नैतिक या दूसरी किसी भी दृष्टि से देखेंगे तो मालूम होगा कि कृष्ण जैसा समाज उद्धारक दूसरा कोई पैदा हुआ ही नहीं है। जब-जब भी धर्म का पतन हुआ है और धरती पर असुरों के अत्याचार बढ़े हैं तब-तब भगवान ने पृथ्वी पर अवतार लेकर सत्य और धर्म की स्थापना की है। भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि को अत्याचारी कंस का विनाश करने के लिए मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया था। ऐसे भगवान कृष्ण के व्रत-पूजन से संबंधित जानकारी प्रस्तुत है -

## कैसे करें व्रत-पूजन

- उपवास की पूर्व रात्रि को हल्का भोजन करें और ब्रह्मचर्य का पालन करें।
- उपवास के दिन प्रात:काल स्नानादि नित्यकर्मों से निवृत्त हो जाएं। पश्चात सूर्य, सोम, यम, काल, संधि, भूत, पवन, दिक्पति, भूमि, आकाश, खेचर, अमर और ब्रह्मादि को नमस्कार कर पूर्व या उत्तर मुख बैठें।
- इसके बाद जल, फल, कुश और गंध लेकर संकल्प करें -

ममखिलपापप्रशमनपूर्वक सर्वाभीष्ट सिद्धये

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रतमहं करिष्ये॥

अब मध्याह्न के समय काले तिलों के जल से स्नान कर देवकीजी के लिए सूतिकागृह नियत करें।

- तत्पश्चात भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।
- मूर्ति में बालक श्रीकृष्ण को स्तनपान कराती हुई देवकी हों और लक्ष्मीजी उनके चरण स्पर्श किए हों अथवा ऐसे भाव हो।
- इसके बाद विधि-विधान से पूजन करें।
- पूजन में देवकी, वासुदेव, बलदेव, नंद, यशोदा और लक्ष्मी इन सबका नाम क्रमश: निर्दिष्ट करना चाहिए।

फिर निम्न मंत्र से पुष्पांजलि अर्पण करें -

प्रणमे देव जननी त्वया जातस्तु वामन:।

वसुदेवात तथा कृष्णो नमस्तुभ्यं नमो नम:।

सुपुत्रार्घ्यं प्रदतं में गृहाणेमं नमोऽस्तुते।

अंत में रतजगा रखकर भजन-कीर्तन करें। साथ ही प्रसाद वितरण करके कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाएं।

## जन्माष्टमी पूजन सामग्री की सूची

**पूजन सामग्री** - श्रीकृष्ण का पाना (अथवा मूर्ति), गणेशजी की मूर्ति, अम्बिका की मूर्ति, सिंहासन (चौकी, आसन), पंच पल्लव, (बड़, गूलर, पीपल, आम और पाकर के पत्ते), पंचामृत, तुलसी दल, केले के पत्ते, (यदि उपलब्ध हों तो खंभे सहित), औषधि, (जटामॉसी, शिलाजीत आदि) दीपक, बड़े दीपक के लिए तेल, बन्दनवार, अर्घ्य पात्र सहित अन्य सभी पात्र।

**सुगंधित एवं अन्य सामग्री** - इत्र की शीशी, धूप बत्ती (अगरबत्ती), कपूर, केसर, चंदन, यज्ञोपवीत 5, कुंकु, चावल, अबीर, गुलाल, अभ्रक, हल्दी, आभूषण, नाड़ा, रुई, रोली, सिंदूर, सुपारी, मौली, पान के पत्ते, पुष्पमाला, कमलगट्टे, तुलसीमाला।

**धन धान्य** - धनिया खड़ा, सप्तमृतिका, सप्तधान्य, कुशा व दूर्वा, पंच मेवा, गंगाजल, शहद (मधु), शक्कर, घृत (शुद्ध घी), दही, दूध, ऋतुफल, नैवेद्य या मिष्ठान्न, (पेड़ा, मालपुए इत्यादि), इलायची (छोटी), लौंग, ताम्बूल (लौंग लगा पान का बीड़ा), श्रीफल (नारियल), धान्य (चावल, गेहूं), पुष्प (गुलाब एवं लाल कमल), एक नई थैली में हल्दी की गांठ आदि।

**वस्त्र** - श्रीकृष्ण को अर्पित करने हेतु वस्त्र, गणेशजी को अर्पित करने हेतु वस्त्र, अम्बिका को अर्पित करने हेतु वस्त्र, जल कलश (तांबे या मिट्टी का), सफेद कपड़ा (आधा मीटर), लाल कपड़ा (आधा मीटर), पंच रत्न (सामर्थ्य अनुसार)।

# श्रीकृष्ण वर्तमान संदर्भ में

गीता के उपदेश की सार्थकता इसी में थी कि अर्जुन युद्ध करने के लिए तैयार हो जाए। वह पूरे मनोयोग से युद्ध करने के लिए न केवल तत्पर ही हुआ अपितु महाभारत युद्ध के विजेता का गौरव भी प्राप्त कर सका। उस समय केवल एक अर्जुन था, परन्तु आज की परिस्थिति में प्रत्येक भारतवासी को अर्जुन बनना पड़ेगा तभी भगवान श्रीकृष्ण की आराधना एवं गीता का अध्ययन-मनन सार्थक हो सकेगा। महाभारत काल में वैदिक ज्ञान-विज्ञान प्राय: लुप्त हो चुका था और तात्कालीन सामाजिक व्यवस्था लड़खड़ा गई थी।

गीता के उपदेश की सार्थकता इसी में थी कि अर्जुन युद्ध करने के लिए तैयार हो जाए। वह पूरे मनोयोग से युद्ध करने के लिए न केवल तत्पर ही हुआ अपितु महाभारत युद्ध के विजेता का गौरव भी प्राप्त कर सका।

उस समय केवल एक अर्जुन था, परन्तु आज की परिस्थिति में प्रत्येक भारतवासी को अर्जुन बनना पड़ेगा तभी भगवान श्रीकृष्ण की आराधना एवं गीता का अध्ययन-मनन सार्थक हो सकेगा। महाभारत काल में वैदिक ज्ञान-विज्ञान प्राय: लुप्त हो चुका था और तात्कालीन सामाजिक व्यवस्था लड़खड़ा गई थी। इनके स्थान पर आत्मा के सच्चे स्वरूप के विषय में सामाजिक कर्तव्य के विषय में उस युग के तत्ववादियों के विभिन्न मतों का एक जंजाल ही दिखाई देने लगा था, उदाहरणार्थ प्रज्ञावाद, नियतिवाद, भूतवाद,स्वभाववाद, यदृच्छावाद, सद्सद्वाद, योनिवाद आदि चिन्तनधाराएँ उस काल में जन्म ले चुकी थीं, परिणामत: समाज लड़खड़ा रहा था और मतिभ्रम उत्पन्न हो गया था।

## हर एक बने अर्जुन

यदि अर्जुन युद्ध से पलायन कर जाता तो क्या स्थिति बनती। द्रौपदियों की लाज सरेआम नीलाम होती दिखाई देती। आज हर एक क ओ अर्जुन बनना होगा। जैसा कि वर्तमान में वैदिक ज्ञान के अभाव में अनेक मत, पंथ, संप्रदायों ने समाज को छिन्न-भिन्न और मृतप्राय बना रखा है। तात्पर्य यह है कि वैचारिक क्षेत्र में वर्तमान का परिदृश्य महाभारत काल के परिदृश्य से काफी कुछ मिलता-जुलता है। इन सभी मत-वादों के कारण उस काल में समाज विभिन्न वर्गों में विभाजित तो हो ही चुका था अपितु अकर्मण्यता भी बढ़ती जा रही थी। उस काल की विभिन्न विचारधाराओं में कुछ धाराएँ उन ज्ञानमार्गियों की थीं, जो कर्म को त्याज्य व बन्धन का कारण मानते थे। आज भी हमें इस स्थिति के दर्शन होते हैं। समाज टुकड़ों में विभाजित है और समाज, संस्कृति और देश हित के प्रति उदासीन अकर्मण्यों की जमात बड़ी संख्या में दिखाई दे रही है। मान लीजिए, यदि अर्जुन युद्ध से पलायन कर जाता तो क्या स्थिति बनती? स्पष्ट है दुर्बुद्धि दुर्योधन जैसे स्वार्थी, अनाचारी और अधर्मियों की जमात बढ़ जाती और भीष्म, द्रोणाचार्य जैसे व्यक्ति उनकी हाँ में हाँ मिलाते दिखाई देते। द्रौपदियों की लाज सरेआम नीलाम होती दिखाई देती। अन्याय और हठधर्मिता का सर्वत्र साम्राज्य हो जाता। सोचिए और अपने अन्त:करण में विश्लेषण कीजिए कि अर्जुन का युद्ध करना कितना उचित था?

# विकारी कंस का अंत करने के लिए ही जन्मे थे भगवान श्रीकृष्ण!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

**वृंदावन, जिसे भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली कहा जाता है, में जन्माष्टमी का पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा। वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा। बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के दिन ही विशेष मंगला आरती की जाती है, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।**

भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रात 12 बजे के समय श्रीकृष्ण ने कंस का अंत करने के लिए ही धरती पर जन्म लिया था। तभी से उनके जन्मदिन को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है।इस बार पंचांग के अनुसार, सुबह 5 बजकर 55 मिनट से 7 बजकर 36 मिनट तक अमृत चौघड़िया रहने वाला है। ये योग पूजा के लिए शुभ है। इसके बाद अमृत चौघड़िया पूजन का मुहूर्त 3 बजकर 36 मिनट 6 बजकर 48 मिनट तक है।

निशीथ काल में भी आप पूजा कर सकते हैं, जो रात में 12 बजकर 1 मिनट से 11 बजकर 44 मिनट तक है।भगवान के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में अलग ही उत्साह और धूम देखने को मिलती है। इस दिन भक्त सच्चे मन से भगवान की पूजा-अर्चना कर उनके नाम का उपवास रखते हैं, रात्रि के समय भगवान को स्नान आदि करा 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जाता है, इसके बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय विशेष पूजा की जाती है।इस बार जन्माष्टमी पर चंद्रमा वृषभ राशि में ही विराजमान रहेंगे, माना जाता है कि जब कृष्ण भगवान का जन्म हुआ था तब भी ऐसा ही योग बना था। इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को मनाई जा रही है, सोमवार के दिन ही भगवान कृष्ण का नामकरण हुआ था। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी बन रहा है।जन्माष्टमी भले ही रंगों का त्यौहार न हो,लेकिन इस दिन अलग अलग रंग के कपड़ों का अलग महत्व होता है। कुछ रंगों के कपड़ों को पहनना बहुत शुभ माना जाता है। कुछ रंग तो भगवान श्रीकृष्ण को बेहद प्रिय रहे हैं और इन रंगों को पहनने से व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। वैसे तो त्योहार के दिन किसी भी हल्के रंग के कपड़ों को पहनना शुभ माना जाता है, मगर कुछ रंगों का चयन अत्यंत लाभकारी होता है। भगवान श्री कृष्ण के प्रति अपने मन में श्रद्धा और भक्ति रखकर अपने कपड़ों के लिए मनमुताबिक रंग का ड्रेस खरीद सकते

हैं।गुलाबी रंग प्रेम और सुख का प्रतीक है। इस रंग को शुक्र ग्रह से भी जोड़कर देखा जाता है। जन्माष्टमी के दिन गुलाबी रंग के कपड़े पहन सकते हैं ,जो जीवन में प्रेम और सुख-समृद्धि का प्रतीक है।जन्माष्टमी के त्योहार के लिए लाल रंग को बेहद शुभ माना जाता है। लाल रंग ऊर्जा और साहस का प्रतीक भी माना जाता है। लाल रंग को मंगल ग्रह से भी जोड़ कर देखा जाता है। ऐसे में इस साल कृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार पर लाल रंग के कपड़े पहनते हैं तो जीवन में भी अकूत उत्साह और ऊर्जा की वृद्धि होगी।पीला रंग भगवान विष्णु का प्रिय रंग है, धर्मिक मान्यता के अनुसार, श्रीकृष्ण उन्हीं के अवतार हैं। ऐसे में अगर जन्माष्टमी के दिन पीले रंग के कपड़े पहनते हैं तो जीवन में खुशियां और समृद्धि बनी रहती है। साथ ही भगवान कृष्ण की विशेष कृपा बनी रहती है।सफेद रंग शांति का प्रतीक है और इसे चंद्रमा से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में सफेद रंग के कपड़े पहने तो जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ती है।नीला रंग को सीधे तौर पर भगवान श्रीकृष्ण से जोड़कर देखा जाता है।नीले रंग का कपड़ा पहनने से मानसिक शांति मिलती है, साथ ही जीवन की अन्य परिस्थितियों में भी संतुलन बना रहता है।हरे रंग को हरियाली से जोड़कर देखा जाता है। साथ ही हरे रंग को खुशहाली का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे में जन्माष्टमी के दिन अगर आप हरे रंग का कपड़ा पहते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा हमेशा बनी रहती है।जन्माष्टमी पर लाखों कृष्ण भक्त मंदिर में ठाकुर जी के बाल रूप के दर्शन करने पहुंचते हैं। मथुरा और वृंदावन में तो जन्माष्टमी की धूम रहती है। जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रतीक है, जो अधर्म पर धर्म की विजय और प्रेम, भक्ति, और ज्ञान का संदेश देता है।जन्माष्टमी पर गायन है,नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की।श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, जन्माष्टमी के उत्सव की शुरूआत 26 अगस्त को सुबह 5.30 बजे मंगला आरती से होगी। इसके बाद, सुबह 8.00 बजे भगवान का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। रात्रि 11.00 बजे से मुख्य कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा, जिसमें श्रीकृष्ण के जन्म की महाआरती का आयोजन विशेष आकर्षण होगा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों को भव्य रूप से सजाया गया है, जिससे श्रद्धालु यहां आकर आस्था और भक्ति के वातावरण में डूब सकें।

वृंदावन, जिसे भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली कहा जाता है, में जन्माष्टमी का पर्व 27 अगस्त को मनाया जाएगा। वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा। बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के दिन ही विशेष मंगला आरती की जाती है, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।जन्माष्टमी की रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का बाला महाभिषेक किया जाएगा, जो कि करीब 2 घंटे तक चलेगा। यह अभिषेक केवल एक बार, इसी दिन किया जाता है। इसके बाद ठाकुर जी को पीतांबरी पोशाक और चिरौंजी मेवे से बनी पंजीरी का भोग लगाया जाएगा। इस महाभिषेक और मंगला आरती को देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ेगी, जिससे पूरे वृंदावन का वातावरण भक्तिमय हो जाएगा।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)

## संपादकीय

## चुनाव और राजनीति

शासित प्रदेश जम्मूझकश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक यहां दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक घटनाएं हुई हैं जो किसी-न-किसी रूप में चुनाव परिणामों को प्रभावित करने वाले साबित हो सकते हैं। पहला राम माधव की भाजपा की मुख्यधारा की राजनीति में वापसी और दूसरा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की जम्मू-कश्मीर की यात्रा। आतंकवाद से पीड़ित इस सूबे में एक दशक बाद चुनाव होने जा रहा है। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 25 सीटों पर विजय हासिल थी। पार्टी के लिए यह भारी जीत थी क्योंकि 2008 के चुनाव में उसे केवल 11 सीटें मिली थीं। 2014 के चुनाव में भाजपा को जो जीत हासिल हुई थी उसका श्रेय राम माधव को दिया गया था। वह तब सूबे के चुनाव प्रभारी थे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ भाजपा के गठबंधन का सूत्रधार भी उन्हें ही माना जाता है। उनकी इसी प्रतिभा के कारण शायद भाजपा ने फिर से उन्हें सूबे का चुनाव प्रभारी बनाया है। संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद सूबे की प्रकृति काफी बदल गई है। जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है और परिसीमन के बाद विधानसभा की सीटें बढ़कर 90 हो गई हैं। जम्मू संभाग में पहले ३७ सीटें थीं, जो अब बढ़कर 43 हो गई हैं। कश्मीर घाटी में 47 सीटें हैं। सूबे में पहली बार अनुसूचित जनजाति के लिए 9 सीटें आरक्षित हैं। जाहिर है अब नई तरह की परिस्थितियां हैं ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को नई चुनौतियों का सामना करना होगा। राहुल गांधी की कश्मीर यात्रा के बाद कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर जो धुंध की चादर पड़ी हुई थी वह छंट गई है। फारुख ने अनु. 370 बहाल करने की बात कही जबकि राहुल ने इसका जिक्र नहीं किया। अलबत्ता दोनों ने राज्य का दर्जा बहाल करने को प्राथमिकता बताया। चुनाव परिणामों की दृष्टि से देखा जाए तो घाटी में भाजपा की स्थिति कमजोर है जबकि जम्मू संभाग में कांग्रेस, एनसी और पीड़ीपी का जनाधार मजबूत नहीं है। यह सुनिश्चित है कि सूबे में किसी एक दल को बहुमत नहीं मिलने वाला।

## चिंतन-मनन

## सुख की उपेक्षा क्यों?

मेरे पास लोग आते हैं। जब वे अपने दुख की कथा रोने लगते हैं, तो बड़े प्रसन्न मालूम होते हैं। उनकी आंखों में चमक मालूम होती है। जैसे कोई बड़ा गीत गा रहे हों! अपने घाव खोलते हैं, लेकिन लगता है जैसे कमल के फूल ले आए हैं। सुख की तो कोई बात ही नहीं करता। और ऐसा नहीं है कि सुख नहीं है; हम सुख पर पर ध्यान नहीं देते हैं। हम दुःख-दुख चुन लेते हैं; हम सुख की उपेक्षा कर देते हैं। फिर जिसकी उपेक्षा कर देते हैं, स्वभावतः धीरे-धीरे वह दूर चला जाता है और जिसमें हम रस लेते हैं वह पास होता चला जाता है। संतों की बात तुम्हें तभी जमेगी, रुचेगी, भली लगेगी, प्रीतिकर मालूम होगी-जब तुम दुख को पकड़ना छोड़ दोगे; जब तुम जागोगे और सुख की सचेष्ट खोज शुरू करोगे। तुम्हारे भीतर अगर अभी भी दुख को पकड़ने का आयोजन चल रहा है, तो संतों के वचन तुम्हारे कानों में गूजेंगे और खो जाएंगे। तुम्हारे हृदय तक नहीं पहुंचेंगे। क्योंकि संतों के वचनों में बड़ा सुख भरा है। तुम सुखोन्मुख हो जाओ, तुम आनंद की खोज में लग जाओ; तो ये एक-एक शब्द ऐसे जाएंगे तुम्हारे भीतर जैसे तीर चले जाएं। और ये एक-एक शब्द तुम्हारे भीतर ऐसे-ऐसे हजार-हजार फूल खिला देंगे, जैसे कभी न खिले थे। तुम्हारे भीतर बड़ी रोशनी होगी।

ये छोटे-छोटे शब्द हैं। मगर ये बड़े सार्थक शब्द हैं। सुनो- ह्यबोलू हरिनाम तू छोड़ि दे काम सब, सहज में मुक्ति होई जाय तेरी।काम यानी कामना। काम यानी वासना। काम यानी इच्छा, तृष्णा। यह मिले वह मिले-कुछ मिले! जब तक हम मिलने की दौड़ में होते हैं, हम भिखमंगे होते हैं। और जब तक हम भिखमंगे होते हैं, तब तक परमात्मा नहीं मिलता। परमात्मा भिखमंगों को मिलता ही नहीं। परमात्मा सम्राटों को मिलता है। परमात्मा उनको मिलता है जो अपने मालिक है। परमात्मा उनको मिलता है जो कुछ मांगते ही नहीं। असल में वे ही परमात्मा को मांगने में कुछ सफल हो पाते हैं, जो और कुछ नहीं मांगते। जिन्होंने कुछ और मांगा, वे परमात्मा को कैसे मांगेंगे। वह जबान फिर परमात्मा को मांगने के योग्य न रह गई। वह जबान अपवित्र हो गई। जिस जबान से बेटा मांगा, बेटी मांगी, धन मांगा, पद मांगा, प्रतिष्ठा मांगी-उसी जबान से परमात्मा को मांगोगे? इस जहर भरे पात्र में अमृत रखोगे? यह जबान जब तक मांगती है तब तक संसार है। जिस दिन यह जबान मांगती नहीं, उस दिन परमात्मा की यात्रा शुरू हुई। उस दिन बिन मांगे मिलता है। ऐसे तो मांगे-मांगे भी नहीं मिलता।

# शासन और प्रशासन के सामने न्यायपालिका का समर्पण?



सनत जैन

पिछले कुछ वर्षों से सरकार और प्रशासन के निर्देश पर तुरंत दान महाकल्याण की तरह, घटनास्थल पर ही फैसला करने की प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है। भीड़तंत्र भी सरकार और प्रशासन से जो चाहता है वह करा लेता है। कानून के नाम पर शासन और प्रशासन को जो अधिकार मिले हैं यदि उनके द्वारा इनका दुरुपयोग किया जाता है तो ऐसी स्थिति में जनता का विश्वास शासन और प्रशासन पर खत्म होने लगता है। शासन और प्रशासन अपने ही बनाए गए कानून का पालन नहीं कर रहे हैं। न्यायपालिका के अधिकारों का उपयोग प्रशासन खुलकर करने लगा है। इसके बाद भी भारत की न्यायपालिका मौन साध करके तमाशा देख रही है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही कहा जा रहा है, न्यायपालिका ने सरकार और प्रशासन के सामने समर्पण कर दिया है। भारत में संविधान लागू है। किसी भी मामले में विवाद अथवा अपराध होने पर जांच एजेंसी जांच करती हैं। जांच करने के बाद न्यायालय में मामले को पेश करती हैं। फैसला न्यायपालिका को ही करना होता है। शासन को कानून और नियम बनाने का अधिकार है। संविधान के दायरे में नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए, कानून और नियम बनाने के अधिकार सरकार के पास हैं। सरकार द्वारा बनाए गए कानून और नियमों का पालन कराने का अधिकार संविधान ने प्रशासन को दिया है। कानून का उल्लंघन करने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। फैसला न्यायालय ही कर सकती है। फैसला करने का अधिकार शासन और प्रशासन को नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में बुलडोजर संस्कृति और भीड़तंत्र तुरत-फुरत फैसला कर रहा है। शासन और प्रशासन किसी को भी अपराधी घोषित कर, कुछ ही घंटों में उसके मकान और संपत्ति को बुलडोजर से गिरा देती है। एक व्यक्ति के अपराध की सजा पूरे परिवार को बिना किसी अपराध के दे देती है। अपराध व्यक्ति द्वारा किया गया है। जांच किए बिना एक व्यक्ति के अपराध की सजा पूरे परिवार को देने की बुलडोजर संस्कृति उत्तर प्रदेश से शुरू हुई थी। जो अब कई राज्यों में फैल गई है। विशेष बात यह है, कि एक धर्म समुदाय के लोगों पर ही इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। राजनीतिक कारणों से अभी कोई विपक्षी दलों के राजनेता इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं देते थे, लेकिन जिस तरह से आए दिन बुलडोजर से घटना के कुछ ही घंटे बाद आरोपी की संपत्ति और उसके मकान को गिराया जा रहा है। उसकी प्रतिक्रिया अब पूरे देश में हो रही है। हाल ही में मध्य प्रदेश के छतरपुर में जिस तरह की घटना हुई है। उस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। आरोपी का करोड़ों रुपए की लागत का मकान एवं अन्य संपत्ति को अतिक्रमण मानते हुए बुलडोजर से ढहाया गया है। जिस मकान को गिराया गया है, उसको बनाने के लिए बैंक ने लोन दिया था। बैंक ने सारे कागज सर्च किए थे। सारी परमिशन उसके पास थी, उसके बाद भी शासन और प्रशासन की नाराजगी के चलते आरोपी का मकान गिरा दिया गया। वहां पर जो गाड़ियां खड़ी थीं, उन्हें बुलडोजर से तोड़ दिया गया। यह घटना टीवी पर दिखाई गई। इस घटना के माध्यम से शासन और प्रशासन ने एक धर्म समुदाय के लोगों को आतंकित करने का काम किया है। अब इसकी जो जानकारी सामने आई है, उसके बाद विपक्षी दलों ने इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विरोध जताया है। बुलडोजर एक्शन पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, दिग्विजय सिंह और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश सिंह ने कार्यवाही का विरोध किया है। विपक्षी दल के नेताओं ने कहा, अपराध पर सजा देने का काम न्यायालयों का है। पुलिस द्वारा मामले की जांच नहीं की गई और आरोपी का मकान गिरा दिया गया। सही मायने में यह अन्याय की पराकाष्ठा है। कानून के रखवाले ही यदि कानून को तोड़ने का काम कर रहे हैं। संविधान, लोकतंत्र और मानवता का पालन नहीं कर रहे हैं। अपने ही बनाए गए कानून और नियमों का पालन नहीं करके आम जनता को आतंकित कर रहे हैं। शासन और प्रशासन की देखा-देखी भीड़ भी मौके पर न्याय करने लगी है। भीड़ सरेआम लोगों की हत्या कर रही है। देश में कई मावलीचिंग की घटनाएं हो चुकी हैं। इस तरह की घटनाओं में कई लोग मारे जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में घटना के तुरंत बाद सैकड़ों आरोपियों के मकान पिछले कुछ समय से तोड़े जा रहे हैं। आरोपी के परिवार को घर से बेघर कर दिया गया है। इस तरह की घटनाओं पर अब विपक्ष ने तो मोर्चा संभाला है। अदालतों के अधिकारों का उपयोग प्रशासन करने लगा है। शासन और प्रशासन न्यायपालिका और उसके आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं। ऐसी स्थिति में न्यायपालिकाएं अपने अस्तित्व की रक्षा कैसे कर पाएंगी? इसे आसानी से समझा जा सकता है। जब आदमी हर तरह से हार जाता है, तब वह न्यायालय और मीडिया की शरण में जाता है। यदि न्यायालय पर आम आदमी का विश्वास खत्म हो गया। तो, जो स्थिति हाल ही में बांग्लादेश और श्रीलंका में देखने को मिली है, वह भारत में भी जल्द ही देखने को मिल सकती है। अन्याय अब पराकाष्ठा पर पहुंच गया है। जब आम नागरिकों का न्याय व्यवस्था को लेकर विश्वास खत्म हो जाता है। शासन और प्रशासन पर भी विश्वास नहीं रहता है। तभी नक्सलवाद, आतंकवाद और फूलन देवी जैसे डकैत पैदा होते हैं। बांग्लादेश, श्रीलंका ही क्यों 1917 में रूस की जार क्रांति भी जनरोष के कारण ही तो हुई थी। जब-जब इस तरह की स्थिति बनती है, तब-तब जनता ही न्याय करने लगती है। अराजकता की यह स्थिति तब बनती है, जब जनता का न्याय व्यवस्था और राजा के ऊपर विश्वास खत्म हो जाता है। समय रहते न्यायपालिका को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी को समझना होगा। यदि विलंब हुआ तो न्यायपालिका के अस्तित्व पर भी संकट खड़ा होना तय है। भारत की संवैधानिक व्यवस्था में न्याय करने का अधिकार केवल और केवल न्यायपालिका के पास है।

# महिला समानता दिवसः महिलाओं को समानता एवं सक्षमता के पंख देने होंगे

ललित गर्ग

दुनिया भर में, महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा से लेकर राजनीति और आर्थिक भागीदारी तक विभिन्न क्षेत्रों में लैंगिक असमानताओं को दूर करने के प्रयासों को तीव्र गति देने के लिये महिला समानता दिवस 26 अगस्त को मनाया जाता है। सन 1920 में इस दिन संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 19वां संशोधन स्वीकार किया गया था। यह दिन महिलाओं को पुरुषों के समान मानने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। न्यूजीलैंड विश्व का पहला देश है, जिसने 1893 में महिला समानता की शुरूआत की। महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करने वाली एक महिला वकील बेल्ला अब्जुग के प्रयास से 1971 से 26 अगस्त को ह्यमहिला समानता दिवसह्न के रूप में मनाया जाने इस वर्ष की थीम है समता को अपनाएं, जो न केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उन्नति के लिए बल्कि समाज की समग्र प्रगति के लिए भी महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर केन्द्रित है। यह व्यापक मानवाधिकारों और सतत विकास के साथ लैंगिक समानता के परस्पर संबंध पर जोर देता है।

महिला समानता दिवस से जुड़ा हुआ रंग बैंगनी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त, बैंगनी रंग महिलाओं और लैंगिक समानता का प्रतीक है। यह न्याय और गरिमा का प्रतिनिधित्व करता है, और अक्सर दूरदर्शी सोच और महिलाओं के अधिकारों के लिए चल रही लड़ाई को दशार्ने के लिए उपयोग किया जाता है। महिलाएं ही समस्त मानव प्रजाति की धुरी हैं। वो न केवल बच्चे को जन्म देती हैं बल्कि उनका भरण-पोषण और उन्हें संस्कार भी देती हैं। महिलाएं अपने जीवन में एक साथ कई भूमिकाएं जैसे- मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, दोस्त बहुत ही खूबसूरती के साथ निभाती हैं। बावजूद क्या कारण है कि आज हमें महिला समानता दिवस मनाये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये जरूरी है कि अधिक महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए भारत सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे। सरकार को अपनी लैंगिकवादी सोच को छोड़ना पड़ेगा।

भारत में महिलाओं की उपेक्षा, भेदभाव, अत्याचार एवं असमानता के कारण महिला समानता ज्यादा अपेक्षित है। भारत ने महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार पुरुषों के बराबर दिया, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति चिन्ताजनक एवं विसंगतिपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में काफी प्रगति देखी गयी है, खासकर शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे क्षेत्रों में। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम-2023 के माध्यम से नारी शक्ति को राजनीति में समानता देने की शुरूआत हुई है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी पहलों ने समाज में महिलाओं और लड़कियों की स्थिति को सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके अतिरिक्त, कार्यबल और नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है। इन प्रगतियों के बावजूद, महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं। भारत में लैंगिक असमानता अभी भी व्याप्त है, खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहाँ महिलाओं को अक्सर शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। बाल विवाह, घरेलू हिंसा और लैंगिक वेतन अंतर जैसे मुद्दे समानता की दिशा में प्रगति में बाधा डालते रहते हैं। कार्यस्थल पर लैंगिक समानता हासिल करना भारत सहित विश्व भर में एक महत्वपूर्ण लक्ष्य बना हुआ है। समान कार्य के लिए समान वेतन को बढ़ावा देने वाली नीतियों के माध्यम से इस असमानता को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत सरकार के खुद के कर्मचारियों में केवल 11 प्रतिशत महिलाएं हैं। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिये अधिक एवं नये अवसर सामने आने जरूरी है। क्योंकि देश में ऐसी महिलाएं नजर आती हैं, जो सभी प्रकार के भेदभाव के बावजूद प्रत्येक क्षेत्र में एक मुकाम हासिल कर चुकी हैं और सभी उन पर गर्व भी महसूस करते हैं। परन्तु इस कतार में उन सभी महिलाओं को भी शामिल करने की जरूरत है, जो हर दिन अपने घर में और समाज में महिला होने के कारण असमानता, अत्याचार एवं उपेक्षा को झेलने के लिए विवश है। आये दिन समाचार पत्रों में लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और बलात्कार जैसी खबरों को पढ़ा जा सकता है, परन्तु इन सभी के बीच वे महिलाएं जो अपने ही घर में सिर्फ इसीलिए प्रताड़ित हो रही हैं, क्योंकि वह एक औरत है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) नाम के थिंक टैंक ने बताया है कि भारत में केवल 7 प्रतिशत शहरी महिलाएं ऐसी हैं, जिनके पास रोजगार है या वे उसकी तलाश कर रही हैं। सीएमआईई के मुताबिक, महिलाओं को रोजगार देने के मामले में हमारा देश इंडोनेशिया और सऊदी अरब से भी पीछे है। किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

दावोस में हुए वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में ऑक्सफैम ने अपनी एक रिपोर्ट ह्यटाइम टू केयरह्न में घरेलू औरतों की आर्थिक स्थितियों का खुलासा करते हुए दुनिया को चौका दिया था। वे महिलाएं जो अपने घर को संभालती हैं, परिवार का ख्याल रखती हैं, वह सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक अनगिनत सबसे मुश्किल कामों को करती है। अगर हम यह कहें कि घर संभालना दुनिया का सबसे मुश्किल काम है तो शायद गलत नहीं होगा। दुनिया में सिर्फ यही एक ऐसा पेशा है, जिसमें 24 घंटे, सातों दिन आप काम पर रहते हैं, हर रोज क्राइसिस झेलते हैं, हर डेडलाइन को पूरा करते हैं और वह भी बिना छुट्टी के। सोचिए, इतने सारे कार्य-संपादन के बदले में वह कोई वेतन नहीं लेती। उसके परिश्रम को सामान्यतः घर का नियमित काम-काज कहकर विशेष महत्व नहीं दिया जाता। साथ ही उसके इस काम को राष्ट्र की उन्नति में योगभूत होने की संज्ञा भी नहीं मिलती। प्रश्न है कि घरेलू कामकाजी महिलाओं के श्रम का आर्थिक मूल्यांकन क्यों नहीं किया जाता? घरेलू महिलाओं के साथ यह दोगला व्यवहार क्यों? दरअसल, इस तरह के हालात की वजह सामाजिक एवं संकीर्ण सोच रही है। पितृसत्तात्मक समाज-व्यवस्था में आमतौर पर सत्ता के केंद्र पुरुष रहे और श्रम और संसाधनों के बंटवारे में स्त्रियों को हाशिये पर रखा गया है। सदियों पहले इस तरह की परंपरा विकसित हुई, लेकिन अफसोस इस बात पर है कि आज जब दुनिया अपने आधुनिक और सभ्य होने का दावा कर रही है। एक बड़ा प्रश्न है कि आखिर कब तक सभी वंचनाओं,

महामारियों एवं राष्ट्र-संकटों की गाज स्त्रियों पर गिरती रहेगी।

जहां देश में प्रधानमंत्री के पद पर इंदिरा गांधी और वर्तमान में राष्ट्रपति के पद पर द्रोपदी मुर्मू हैं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी राज्य की बागडोर संभाल रही हैं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष भी एक महिला मायावती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को तो विश्व की ताकतवर महिलाओं में शुमार किया ही जा चुका है। पूर्व में लोकसभा में विपक्ष की नेता के पद पर सुषमा स्वराज और लोकसभा अध्यक्ष के पद पर मीरा कुमार ने भी महिला के गौरव को बढ़ाया हैं। कॉरपोरेट सेक्टर, बैंकिंग सेक्टर जैसे क्षेत्रों में इंदिरा नूई और चंदा कोचर जैसी महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। वर्तमान में निर्मला सीतारमण सहित अनेक महिलाओं ने राजनीति में अपनी छाप छोड़ रही है। हमारी सेना में महिलाओं की यथोचित भागीदारी उसे ज्यादा शालीन, सामाजिक, योग्य और कारगर ही बनाएगी।

युगों से आत्मविस्मृत महिलाओं को अपनी अस्मिता और कर्तृत्वशक्ति का तो अहसास हुआ ही है, साथ ही उसकी व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व चेतना में क्रांति का ऐसा ज्वालामुखी फूटा है, जिससे भेदभाव, असमानता, रूढ़संस्कार जैसे उन्हें कमतर समझने की मानसिकता पर प्रहार हुआ है। पुरुषवर्ग महिलाओं को देह रूप में स्वीकार करता है, किन्तु आधुनिक महिलाओं ने अपनी विविधआयामी प्रतिभा एवं कौशल के बल पर उनके सामने मस्तिष्क एवं शक्ति बनकर अपनी क्षमताओं का परिचय दिया है, वही अपने प्रति होने वाले भेदभाव का जबाव सरकार, समाज एवं पुरुषों को देने में सक्षम है, महिला समानता दिवस यदि उनकी सक्षमता को पंख दे रहा है तो यह जागरूक एवं समानतामूलक विश्व-समाज की संरचना का अभ्युदय है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# J&K witnessed landmark elections in 2002

THE Election Commission of India's (ECI) announcement on holding the three-phase Assembly elections in Jammu and Kashmir brought back memories of the landmark polls held in September-October 2002. While the forthcoming elections would be the first in the Union Territory, the one in 2002 was also significant for several reasons.

While there has been a rise in terror attacks in the Jammu region in the recent past, it was the Kashmir valley that had witnessed an escalation of terror activities in 2002. It was the first time that the Jammu and Kashmir Peoples Democratic Party (PDP) participated in the Assembly polls. There was a call for boycotting the elections, given by the Tehreek-e-Hurriyat. This was also the first poll in J&K in which EVMs (electronic voting machines) were used.

